ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 मई, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 191

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


केंद्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला अब सभी राज्य मनायेंगे एक-दूसरे का स्थापना दिवस











## छुट्टी की सूचना

मजदूर दिवस के मौके पर सोमवार 01 मई 2023 को आजाद सिपाही कार्यालय में अवकाश रहेगा। इस कारण अगला अंक बुधवार 03 मई 2023 को प्रकाशित होगा। -प्रबंधक

## आज छवि रंजन, वैभव मनी त्रिपाठी और विष्णु अग्रवाल से पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** आर्मी जमीन घोटाला मामले में एक मई को रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मनी त्रिपाठी से पूछताछ की जायेगी। उन्हें इडी की ओर से समन भेजा जा चुका है। समन में वैभव मनी त्रिपाठी को इडी ने एक मई को दिन के 11 बजे हीनू स्थित इडी ऑफिस हाजिर होने को कहा है। वहीं सब रजिस्ट्रार वैभव मनी त्रिपाठी के साथ छवि रंजन से दोबारा पूछताछ की जायेगी। इस बार कारोबारी विष्णु अग्रवाल को भी हाजिर होने को कहा गया है।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने 100वें एपिसोड को किया संबोधित

# 'मन की बात' देशवासियों की अच्छाइयों का अनोखा पर्व, मेरे लिए यह आध्यात्मिक यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 100वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन आंदोलन बन गया है। 'मन की बात' कोटि-कोटि भारतियों के मन की बात है। पीएम मोदी ने कहा कि 3 अक्टूबर 2014 को विजया दशमी का वो पर्व था और हम सबने मिलकर विजया दशमी के दिन 'मन की बात' की यात्रा शुरू की थी। विजया दशमी यानी बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व 'मन की बात' भी देशवासियों की अच्छाइयों का सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया है। एक ऐसा पर्व, जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार हम सभी को होता है। मेरे लिए मन की बात आस्था, पूजा और व्रत है। जैसे लोग ईश्वर की पूजा करने जाते हैं, तो प्रसाद की थाल लाते हैं। मेरे लिए यह ईश्वर रूपी जनता जनार्दन के चरणों में प्रसाद की थाल की तरह है। यह मेरे मन की आध्यात्मिक यात्रा बन गया है। यह अहम् से वयम् की यात्रा है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज 'मन की बात' का 100वां एपिसोड है। मुझे आप सबकी हजारों चिट्ठियां मिली हैं, लाखों संदेश मिले हैं और मैंने कोशिश की है कि ज्यादा से ज्यादा चिट्ठियों को पढ़ पाऊं, देख पाऊं, संदेशों को जरा समझने की कोशिश करूं। आपके पत्र पढ़ते हुए कई बार मैं भावुक हुआ, भावनाओं से भर गया, भावनाओं में बह गया और खुद को फिर संभाल भी लिया। आपने मुझे 'मन की बात' के 100वें एपिसोड पर बधाई दी है, लेकिन मैं सच्चे दिल से कहता हूं। बधाई के पात्र तो आप सब 'मन की बात' के श्रोता हैं, हमारे देशवासी हैं।




## झारखंड के लाइब्रेरी मैन की चर्चा

रांची/चाईबासा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के दौरान बिहार-झारखंड समेत अन्य राज्यों के उन सभी लोगों का जिक्र किया, जिन्होंने समाज के एक बड़े तबके को प्रेरित करने का काम किया है। हालांकि पीएम मोदी मन की बात के पहले के संस्करणों में भी ऐसे रियल हीरो का जिक्र करते रहे हैं, लेकिन, आज एक बार फिर से पीएम मोदी ने उन लोगों के नाम का जिक्र कर उनका मान बढ़ाया है। इसी क्रम में पीएम मोदी ने झारखंड के चाईबासा जिले के संजय कश्यप का भी नाम लिया और उनके कार्यों की सराहना की। दरअसल संजय कश्यप को लाइब्रेरी मैन के रूप मे जाना जाता है। 2004 में पहली लाइब्रेरी खोलने वाले चाईबासा के संजय कश्यप का नाम पीएम मोदी ने मन की बात के 100वें एपिसोड में बोलते हुए एक बार फिर से शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उनके कार्यों की सराहना की। संजय आज 40 लाइब्रेरी चलाते हैं, जिसमें 24 डिजिटल लाइब्रेरी भी शामिल हैं, जिसे संजय अपने मित्रों के साथ मिल कर हैंडल करते है। संजय कुमार लाइब्रेरी से जरूरतमंद और गरीब बच्चों के पढ़ने के लिए पुस्तकें दी जाती है। साथ ही समय-समय पर इन संस्थाओं में करियर काउंसलिंग और कंप्यूटर की शिक्षा भी दी जाती है। संजय कश्यप दुमका में अपने सरकारी आवास में भी एक लाइब्रेरी को चलाते हैं, जिसमें पढ़ने के लिए जरूरतमंद बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। यही वजह है कि उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करते हैं।

## झारखंड में 10 लाख से अधिक लोग गवाह बने

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा ने प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वें एपिसोड को ऐतिहासिक बनाया। मन की बात सुनने के लिए प्रदेश भाजपा ने राज्य के कुल 9000 स्थानों पर कैंप लगाया गया, जहां 10 लाख से अधिक लोगों ने पीएम के मन की बात का 100वां एपिसोड सुना। रांची में मन की बात कार्यक्रम को लेकर झारखंड भाजपा नेताओं में उत्साह देखा गया।

# सीएम हेमंत कल 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का करेंगे उद्घाटन

- ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय धुर्वा में होगा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दो मई को सीएम हेमंत सोरेन राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की रूप रेखा तय हो चुकी है। उद्घाटन कार्यक्रम ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय धुर्वा रांची में होगा। इसके साथ ही इन स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में पढ़ाई शुरू हो जायेगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इन स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। हजारीबाग सहित अन्य जिलों के स्कूलों में एडमिशन का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। जून से इन स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो जायेगी।



### 10 मई तक होगा एडमिशन

स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में एडमिशन के लिए सात मई तक आवेदन लिए जाएंगे। यह आवेदन पूरी तरह से निशुल्क होगा। इसके बाद 8 से 10 मई तक आवेदनों की स्क्रूटनी होगी। 12 मई को प्रोविजनल लिस्ट जारी किया जायेगा। इसके बाद 13 और 14 मई तक अभिभावकों को आपत्ति के लिए समय मिलेगा। 15 मई को स्कूल के अनुसार फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी हो जायेगा। 16 से 10 मई तक सेलेक्टेड स्कूलों में एडमिशन लिया जायेगा। इसके बाद गर्मी की छुट्टी के बाद नया सेशन शुरू होगा। जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार 10 जून तक गर्मी की छुट्टी निर्धारित है। 11 को रविवार है। इसके बाद 12 जून से स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो जायेगी।

### मेरिट लिस्ट ही फाइनल होगा

स्कूलों में एडमिशन के लिए अभिभावकों की ओर से दिए गए आवेदन और विभाग की ओर से निर्धारित योग्यता के आधार पर मेरिट लिस्ट निकाला जायेगा। यह मेरिट लिस्ट जिला स्तर पर निकलेगा और स्कूल के अनुसार होगा। सीटों की संख्या के अनुसार मेरिट लिस्ट घट बढ़ सकता है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 7 उत्कृष्ट मॉडल विद्यालयों में झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आयोजित परीक्षा और सीटें खाली रहने पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा आयोजित चयन परीक्षा के माध्यम से तैयार मेरिट लिस्ट के आधार पर एडमिशन होगा।

### स्कूलों में एडमिशन का होगा विकल्प

इन स्कूलों में एडमिशन के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सचिव के रवि कुमार की ओर से उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है। उसके अनुसार राज्य में 27 उत्कृष्ट विद्यालय ऐसे हैं, जहां क्लास 9 से 12वीं तक की पढ़ाई होगी। 48 ऐसे स्कूल हैं, जहां क्लास 6 से 12वीं तक की पढ़ाई होगी। इन स्कूलों में क्लास 9 और क्लास 6 में एडमिशन लिया जायेगा। चार उत्कृष्ट विद्यालय ऐसे हैं, जहां पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक की पढ़ाई होगी। जबकि एक स्कूल ऐसा है जहां पहली क्लास से आठवीं क्लास तक की ही पढ़ाई होगी। इन स्कूलों में प्री प्राइमरी बाल वाटिका और पहली क्लास में एडमिशन लिया जायेगा।

# देवघर में माफियाओं ने बालू घाट पर छापेमारी करने पहुंचे एसडीएम के साथ की बदसलूकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड का देवघर जिला प्रशासन बालू और कोयला के अवैध कारोबार के खिलाफ एक्शन मोड़ में दिख रहा है। हालांकि शनिवार को प्रशासन की कार्रवाई के दौरान बालू माफियाओं का दुस्साहस भी दिखा। दरअसल छापेमारी करने पहुंचे एसडीओ दीपांकर चौधरी के साथ रेत माफियों ने बदसलूकी की और उनके अंग रक्षक के साथ भी धक्का मुक्की की गयी। इसके बाद माफिया फरार हो गये। देवघर डीसी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक के बाद देवघर में बालू और कोयला माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

शनिवार से बालू माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पूरे जिले भर में ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है। इस बीच सदर एसडीओ दीपांकर चौधरी और डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र के कई बालू घाट पर छापेमारी की गयी। इसके बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। बसमंडीह बालू घाट पर डीएसपी ने एक बालू लदे अवैध ट्रैक्टर को जब्त किया। वहीं, कई माफिया भागने में कामयाब रहे, जबकि चमारीडीह गांव में एसडीओ के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान बालू माफियाओं द्वारा उनके साथ बदसलूकी करने का मामला भी सामने आया। एसडीओ दीपांकर चौधरी ने बताया कि बालू के अवैध उत्खनन और कोलये की ढुलाई की सूचना लगातार मिल रही थी। इसके बाद सभी बालू घाटों पर छापेमारी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 1932 का वादा करके 2023 लागू किया, अब 60-40 का एक नया फार्मूला है आया : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** सामाजिक न्याय मार्च के बाद हरमू मैदान में आयोजित सभा में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को कहा कि 40 महीने की सरकार एक भी नीति स्पष्ट रूप से लागू नहीं कर सकी। ना नीति बनी और और न युवाओं को नौकरी मिली। मुख्यमंत्री से पूछा जाना चाहिए कि जिन गुमान के साथ जोहार यात्रा पर निकले थे उसे बंद क्यों कर दिया गया और जोहार यात्रा का आधार क्या था? उन्होंने कहा कि सच यह है कि 1932 का वादा करके 2023 लागू कर दिया गया। अब 60-40 का एक नया फार्मूला आया है, लेकिन मुख्यमंत्री इस फामूर्ले पर कभी चर्चा नहीं करते। बताते चलें कि बापू वाटिका मोराबादी से आजसू की ओर से सामाजिक न्याय मार्च निकाला गया। इसके बाद हरमू मैदान में विशाल सभा का आयोजन हुआ। जिसमें सुदेश महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री का पद लर्निंग स्कूलनहीं हो सकता। जनभावना के अनुरूप नीतियां बनाने और फैसले लेने के लिए सरकार बनती है। जिनमें कोई नेतृत्व क्षमता और विजन नहीं था उन्हें सत्ता मिली। नतीजा हुआ कि 40 महीने में राज्य को सामाजिक और राजनीतिक तौर पर बड़ी क्षति हुई है। ओबीसी, एसटी और एससी खूब छले गये हैं।



**सरकार की नीयत में शुरू से है खोट :** सरकार की नीयत पर सुदेश ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि नीयत नेक हो तो नीतियां सही बनती हैं। लेकिन राज्य सरकार की नीयत में शुरू से खोट है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्री सदन में कुछ बोलते हैं बाहर कुछ, जबकि कैबिनेट में फैसले कुछ और लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण, ट्रिपल टेस्ट विस्थापन नीति, आंदोलनकारियों के मान-सम्मान तमाम विषयों की सरकार ने अनदेखी की।

**झारखंड में निकाय चुनाव नहीं होने की जिम्मेदार है सरकार :** पंचायत चुनाव के समय भी सरकार ने ओबीसी आरक्षण की अनदेखी की थी। हमने ट्रिपल टेस्ट के लिए पंचायत चुनाव के समय ही आवाज उठाई थी। पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट तक गए। सुदेश ने कहा कि निकाय चुनाव नहीं होने के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है।

**सुदेश ने किया मार्च का नेतृत्व :** मोराबादी स्थित बापू वाटिका से निकाले गए सामाजिक न्याय यात्रा निकाली गयी। कचहरी चौक, रातू रोड होते हुए यह मार्च हरमू मैदान पहुंचा। लगभग 6 किलोमीटर तक इस मार्च की अगुवाई खुद सुदेश महतो ने की। मार्च में 'वोट हमारा राज तुम्हारा', धोखेबाज हुकूमत की हर दीवार हिलाने निकले हैं जैसे नारे खूब लगे इस मार्च में चंद्रप्रकाश चौधरी, डॉ लंबोदर महतो, सुनिता चौधरी, रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, राजेंद्र मेहता, देवशरण भगत, हसन अंसारी, रोशनलाल चौधरी, हरेलाल महतो, शालिनी गुप्ता, नीरु शांति भगत, निर्मला भगत, यशोदा देवी, तरुण गुप्ता, अर्जुन बैठा, भरत कांशी, रामधन बेदिया, तिवारी महतो, अनूप पांडेय, नजरूल हसन हासमी, विकास राणा, संजय महतो, तिवारी महतो, नंदू पटेल, काशी नाथ सिंह, रवि शंकर मौय, माधव चंद्र महतो, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, राधेश्याम गोश्वामी, राजेंद्र शाहीमुंडा, बीणा चौधरी, बनमाली मंडल इत्यादि मुख्य रूप से शामिल थे।

आजाद सिपाही झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,300 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



# मन की बात, देश की बात है, मन से ही दिल जुड़ते हैं और दिलों से देश

## ■ आज सिर्फ मन की बात ही नहीं, देश हित की बात की भी सेंचुरी हो गयी

## ■ मन की बात एक ऐसी रौशनी है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरती है

## ■ पीएम मोदी के लिए यह एक आध्यात्मिक यात्रा और देश के लिए जन आंदोलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के आज 100 एपिसोड पूरे हो गये। सफलता पूर्वक शतक लग चुका है। हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को देश ही नहीं विदेशों में भी खूब पसंद किया जाता है। इस बार के ऐतिहासिक एपिसोड को यादगार बनाने के लिए देश में जगह-जगह इसकी लाइव स्क्रीनिंग की गयी और करोड़ों लोगों ने इसे लाइव सुना। मन की बात अब जन आंदोलन बन चुका है। मन की बात कार्यक्रम पूरी तरह से राजनीति से हटकर है। इसमें उन मुद्दों को उठाया जाता है, जो हर आम हिंदुस्तानी से जुड़े होते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन की एक स्टडी से पता चला कि देश की लगभग 76 फीसदी लोगों का मानना है कि मन की बात के माध्यम से देशवासियों को वास्तविक भारत के बारे में पता चला है। देश के कोने-कोने या यूं कहें कि सुदूरवर्ती इलाके में भी भारत को कैसे लोग संवार रहे हैं, देश सेवा में लगे हुए हैं, उनके बारे में भारत के नागरिकों को पता चलता है। कभी-कभी तो जानकार आश्चर्य होता है कि अपने ही राज्य का व्यक्ति देशहित में इतने बड़े पैमाने पर काम कर रहा है और हम ही उससे अनजान हैं, यह सब मन की बात से ही पता चल पाता है। दरअसल इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का भी पता चलता है। अपने लोगों के बारे में इतनी सकारात्मकता जानने के बाद गर्व की जो अनुभूति होती है, और देशसेवा के लिए समर्पित होने का जो भाव जगता है, वह जीवन की सभी निगेटिविटी को पछाड़ पॉजिटिविटी की ओर ध्यान केंद्रित कर देती है। सच में मन की बात से यह भी पता चल पाया कि भारत के लोग कितने प्रतिभाशाली हैं और विषम परिस्थिति में भी उन्होंने देश को संवारने का काम किया है। सच कहा जाये तो मन की बात देश के लोगों को एक दूसरे से परिचय करवाने की यात्रा है। मन जोड़ने की यात्रा है, दिल जोड़ने की यात्रा है, भारत जोड़ने की यात्रा है। यहां आसान शब्दों में अगर मन की बात को समझना है तो मन की बात एक ऐसी रौशनी है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भर देती है। लोगों से आपको जोड़ देती है। हर एक भारतीय को एक सूत्र में पिरो देती है। पीएम मोदी के शतक लग चुके मन की बात कार्यक्रम के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने कार्यक्रम मन की बात के 100वें एपिसोड में खास अंदाज में लोगों से रूबरू हुए। भारत से लेकर लंदन और अमेरिका तक में इस खास एपिसोड का प्रसारण हुआ। करोड़ों लोग पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर कश्मीर के मंजूर और हरियाणा के सुनील जगलान तक का जिक्र किया। पर्यावरण से लेकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और अमृतकाल तक की बात कही। मन की बात कार्यक्रम की खास बात यह रही कि देश के अरबों नागरिकों से जुड़ने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे सस्ता और सबसे पुराना माध्यम चुना, जो है रेडियो। संचार के सबसे पुराने माध्यम रेडियो से देश के कोने-कोने से जुड़कर लोगों ने अपने प्रधानमंत्री से बात की और उन्हें सुना भी। इस कार्यक्रम की खास बात यह भी है कि इसमें वे लोग भी सामने आये जिन्होंने अपने देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण योगदान दिये। मन की बात से पहले इन लोगों को कोई भी नहीं जानता था। मन की बात के जरिए ये लोग देश और दुनिया के सामने आये और पीएम मोदी ने इनके कामों की सराहना की और उनके द्वारा किये गये योगदानों को सबके सामने पेश किया।

### मन की बात बना एक अनोखा पर्व

तीन अक्टूबर 2014 को विजया दशमी के दिन मन की बात की यात्रा की शुरूआत हुई थी। विजया दशमी यानी, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व। समय के साथ, मन की बात भी देशवासियों की अच्छाइयों के सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया। एक ऐसा पर्व, जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार देशवासियों को होता है। मन की बात पॉजिटिविटी का पर्व है। इसमें देशहित में लोगों की भागीदारी को सेलीब्रेट किया जाता है। रविवार 30 अप्रैल को मन की बात का 100वां एपिसोड पूरा हुआ। मन की बात कार्यक्रम के लिए पीएम मोदी को हजारों चिट्ठियां और संदेश मिलते हैं। पीएम मोदी की भी कोशिश होती है कि वह ज्यादा से ज्यादा संदेशों को पढ़ पायें। संदेशों को समझने की कोशिश करें। कई बार पत्र पढ़ते वक्त पीएम मोदी भावुक भी हो जाते हैं। वह भावनाओं में बह कर संभलने की भी कोशिश करते हैं।



मन की बात की 100वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद परिस्थितियों की विवशता के कारण उनके पास जनता से कट जाने की चुनौती थी। लेकिन मन की बात ने इसका समाधान दिया और सामान्य लोगों से जुड़ने का रास्ता दिया। उन्होंने कहा, मन की बात कोटि-कोटि भारतीयों के मन की बात है। यह उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है। मन की बात देशवासियों की अच्छाइयों और उनकी सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया है।

### देशवासी मेरे लिए सबकुछ और मन की बात मेरे लिए एक आध्यात्मिक यात्रा

पीएम मोदी ने कहते हैं कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब वहां आम जन से मिलना-जुलना स्वाभाविक रूप से हो ही जाता था, लेकिन जब वह प्रधानमंत्री बने, तो वह जीवन अलग था, क्योंकि काम का स्वरूप अलग था, दायित्व अलग थे और साथ ही परिस्थितियों का बंधन व सुरक्षा का तामझाम भी था। उन्होंने कहा, 'ऐसे में मैं खाली-खाली सा महसूस करता था। 50 साल पहले मैंने अपना घर इसलिए नहीं छोड़ा था कि एक दिन अपने ही देश के लोगों से संपर्क भी मुश्किल हो जायेगा। जो देशवासी मेरा सब कुछ हैं, मैं उनसे ही कटकर जी नहीं सकता था। 'मन की बात' ने मुझे इस चुनौती का समाधान दिया। आम लोगों से जुड़ने का रास्ता दिया। इस कार्यक्रम ने मुझे कभी भी आपसे दूर नहीं होने दिया। यह मेरे लिए महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है।

### ओबामा के साथ मन की बात की, तो दुनिया में इसकी चर्चा होने लगी

मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जब उन्होंने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मन की बात की तो इसकी चर्चा दुनिया में हुई। मन की बात उनके लिए दूसरों के गुणों की पूजा का मौका है। पीएम ने कहा कि मेरे मार्गदर्शक थे लक्ष्मण राव, वो कहते थे कि हमें दूसरों के गुणों की पूजा करनी चाहिए। उनकी इस बात ने मुझे प्रेरणा देती है। यह कार्यक्रम दूसरों से सीखने की प्रेरणा बन गया है। इसने मुझे आपसे कभी दूर नहीं होने दिया।

### मन की बात, देश को एक सूत्र में पिरोता है

मन की बात के जरिए उन लोगों के बारे में जानकारी मिली, जो देश के दूरदराज इलाके में रह रहे लोगों के जीवन में निस्वार्थ साकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। देश के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिए मन की बात कार्यक्रम लोगों के लिए एक अच्छा माध्यम बना। लोगों में जागरूकता पैदा हुई और एक बदलाव भी लेकर आया। एक्सिस मॉय इंडिया द्वारा की गयी स्टडी के अनुसार, मन की बात को लगभग 100 करोड़ लोगों ने सुना। इनमें उन विषयों पर चर्चा की गयी जो नागरिकों के लिए मायने रखते हैं। स्टडी में बताया गया कि मन की बात ने लोगों के जीवन में कई तरह के बदलाव किये। अलग-अलग मुद्दों का अलग-अलग जगहों पर प्रभाव पड़ा। उदाहरण के लिए, मध्य प्रदेश के बैतूल गांव में, लोग शुरू में टीका लगवाने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन जब पीएम मोदी ने उनसे सीधे इस बारे में बातचीत की। ग्रामीणों की अपनी अवधारणा थी कि वे टीका क्यों नहीं ले रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री के बातचीत के कुछ दिनों के भीतर, हर ग्रामीण को टीका लग गया और लाभ हुआ।

### मन की बात के जरिए कितने ही आंदोलन खड़े हुए

मन की बात जिस भी विषय से जुड़ा, वो जन आंदोलन बन गया। खिलौनों की इंडस्ट्री को फिर से स्थापित करने का मिशन मन की बात से ही शुरू हुआ था। भारतीय श्वान (देशी कुत्ते) के बारे में जागरूकता बढ़ाने की शुरुआत भी मन की बात से ही शुरू हुई थी। इसके साथ ही गरीब और छोटे दुकानदारों से झगड़ा न करने की मुहिम भी शुरू की गयी थी। ऐसे हर प्रयास समाज में बदलाव का कारण बने हैं।

### 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित की जाती है मन की बात

मन की बात का यह कार्यक्रम 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा, मन की बात फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली सहित 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित की जाती है। पीएम मोदी ने मन की बात में 730 बार इंस्पायरिंग स्टोरीज के बारे में उल्लेख किया। 52 बार सफाई को लेकर चर्चा की। 23 बार खेल और खेल से मिली उपलब्धि को लेकर बात की। मन की बात में 307 बार महिला सश्क्तिकरण को लेकर पीएम मोदी ने बात रखी। 28 बार स्वास्थ्य जागरूकता, 24 बार देश के जवानों की वीरता, 14 बार खादी और 30 बार योगा के विषयों में बारे में बात की है।

---

## देवघर में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बाबा बैद्यनाथ का किया जलार्पण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जितेंद्र कुमार महेश्वरी और झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र ने सपरिवार बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। प्रशासनिक भवन में तीर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें सकल्प कराया गया। इसके पश्चात उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश और झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने बैद्यनाथ का रुद्राभिषेक व जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर उपायुक्त सह, जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जितेंद्र कुमार महेश्वरी और झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राज कुमार मिश्र को भेंट स्वरूप स्मृति चिह्न, बाबा मंदिर का प्रसाद प्रदान किया।

## राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप रोड स्पीड स्केटिंग की मेजबानी करेगा झारखंड

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली बार झारखंड की मेजबानी में एक जून से पांच जून तक चौथा नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप रोड स्पीड स्केटिंग का आयोजन होगा। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि नेशनल स्तर के आयोजन में लगभग 1200 खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना है। इनमें 50 खिलाड़ी झारखंड के भी होंगे। अभी इस खेल में झारखंड के 450 रजिस्टर्ड खिलाड़ी हैं। रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के इस आयोजन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के 30 से अधिक रेफरी एवं तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे।

## सुरक्षा बलों ने नक्सलियों का कैंप ध्वस्त किया

**पश्चिमी सिंहभूम (आजाद सिपाही)।** चाइबासा में रविवार को सुरक्षाबलों ने जिले के अति नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिया गांव के समीप नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया। हालांकि, इस कैंप से कोई सामग्री मिलने की सूचना नहीं है। फिलहाल, नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी है। इस अभियान में चाइबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60, 197, 157, 174, 193, 07 और सीआरपीएफ 26 बटालियन की टीम शामिल रहीं। इन जवानों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी क्रम में गोइलकेरा थाना क्षेत्र के अंबिया गांव के समीप जंगल में नक्सलियों का कैंप मिला, जिसे सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया। भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है, जिसके बाद से नक्सलियों के खिलाफ बीते 11 जनवरी से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## कांग्रेस से निष्कासित नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस से निष्कासित नेता आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता ने सामूहिक रूप से रविवार को राजकीय अतिथिशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की गणेश परिक्रमा करने वाले नेताओं को बोर्ड निगम में जगह देने की तैयारी है जबकि संगठन को सींचने वाले नेता निष्कासन का दंश झेल रहे हैं।

तीनों नेताओं ने पार्टी के आलाकमान से मांग की कि राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाकर आदिवासी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाये, जिनकी अगुवाई में 2024 के चुनाव में पार्टी बेहतर कर सके। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में एक व्यक्ति एक पद का ढर्रा पुराना रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे



एआइसीसी की बैठक में जाने से पहले इस्तीफा दिये थे। इसके बाद ही वो एआइसीसी की बैठक में शामिल हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष को भी राज्यमंत्री का दर्जा मिला है। फिर भी वह प्रदेश अध्यक्ष के पद पर काबिज हैं। डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश कमेटी ने एआइसीसी के गठन से पूर्व चार नेताओं को निलंबित कर दिया। हमें विश्वास था कि एआइसीसी में जगह मिलती लेकिन प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने व्यक्तिगत रूप से चिह्नित कर निलंबित किया। लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार में बोर्ड निगम का गठन होना है और पार्टी के कार्यकर्ताओं को जगह दिया जायेगा। इससे पहले भी 20 सूत्री और 15 सूत्री का गठन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी का भी गठन हुआ और इन तमाम चीजों में विवाद हुए हैं। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और विधायक दल की नेता की ओर से घोर लापरवाही की गयी। एक बार फिर चर्चा है कि बोर्ड निगम का गठन होगा।

## झारखंड में एक मई से चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में एक मई से समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। रेलवे ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों को राहत देने के लिए कई स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रेलवे ने झारखंड- बिहार और यूपी समेत कई रूटों पर समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है, जिससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

गर्मी छुट्टी को देखते हुए मालदा डिविजन की ओर से समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा हुई है, जो एक मई से छह जोड़ी ट्रेनें चलेंगी। इसके तहत छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन के अलावा उधना जंक्शन-मालदा टाउन, गुवाहाटी-रांची, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी और सियालदह-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेन चलेगी।

## लातेहार के टोरी रेलवे क्रॉसिंग के पास पेट्रोलिंग ट्रेन बेपटरी, बड़ा हादसा टला

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी रेलवे फाटक के समीप रविवार को रेलवे की पेट्रोलिंग ट्रेन बेपटरी होकर सड़क पर दौड़ने लगी। हालांकि इस घटना में जान माल का नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद रेलवे की बचाव टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पेट्रोलिंग ट्रेन को वापस पटरी पर लाने का कार्य आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार रेलवे की टीम सामान्य पेट्रोलिंग पर बालूमाथ की ओर निकली थी। पेट्रोलिंग के बाद पेट्रोलिंग ट्रेन वापस टोरी के सेंटरिंग यार्ड में प्रवेश करने लगी। इसी दौरान पेट्रोलिंग ट्रेन डिवाइडर को तोड़ते हुए एनएच -99 मुख्य सड़क पर आ गयी। घटना के बाद रेलवे क्रॉसिंग का फाटक बंद था इस कारण घटना में जान-माल की नुकसान नहीं हुआ। इधर घटना की सूचना के बाद टीआइ संजय कुमार, एसएस रंजीत कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार रेलवे के अधिकारियों के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना का जायजा लिया। दुर्घटनाग्रस्त हुए पेट्रोलिंग ट्रेन को घटनास्थल से हटाने को लेकर बरवाडीह से राहत दल को बुलाया गया। इसके ट्रेन को वापस पटरी पर लाने का कार्य आरंभ कर दिया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.16 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.17 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## झारखंड में प्रधानमंत्री के मन की बात के गवाह बने 10 लाख से अधिक लोग

# पीएम ने कर्म ही पूजा का मंत्र दिया : बाबूलाल

## भारत की सकारात्मक ऊर्जा का आह्वान है मन की बात : दीपक प्रकाश





**प्रदेश भाजपा ने मन की बात कार्यक्रम को बनाया ऐतिहासिक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूती देने, समाज को एक सूत्र में पिरोने और चरैवेति-चरैवेति-चरैवेति के संकल्प के साथ रविवार को 100वीं बार देश से मन की बात की। झारखंड भाजपा ने मन की बात के 100वें एपिसोड को ऐतिहासिक बनाया। मन की बात सुनने के लिए प्रदेश भाजपा ने राज्य के कुल 9000 स्थानों पर कैंप लगाया, जहां 10 लाख से अधिक लोगों ने पीएम के मन की बात का 100वां एपिसोड सुना। रांची में मन की बात कार्यक्रम को लेकर झारखंड भाजपा नेताओं में उत्साह देखा गया।

कहीं जनजाति समाज के भाई-बहनों ने पारंपरिक भेषभूषा में मन की बात को सुना, कहीं व्यापारी वर्ग, कहीं मजदूर तो कहीं किसान कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य के कई प्रसिद्ध विद्यालयों, विश्वविद्यालयों में भी छात्र, छात्राओं और प्राध्यापकों ने भी मन की बात को सुना। वहीं कार्यक्रम के बाद आम जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर खूब फोटो शेयर किये।

झारखंड के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल जिसमें भगवान बिरसा मुंडा का गांव उलिहातू सहित बाबा बैद्यनाथ मंदिर देवघर, टांगीनाथ मंदिर, आंजन धाम, जगन्नाथ मंदिर, रांची पहाड़ी मंदिर, छिन्मस्तिका मंदिर रजरप्पा, सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों रांची विश्वविद्यालय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, साईंनाथ विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय, मेकॉन, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, राधा गोविंद विश्वविद्यालय, आइएसएम धनबाद, वनांचल डेंटल कॉलेज, शारदा ग्लोबल स्कूल रांची आदि में मन की बात सुनने का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### मन की बात विश्व का अनूठा संवाद कार्यक्रम है : दीपक प्रकाश

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश खिजरी विधानसभा क्षेत्र के महिलौंग स्थित जतरा टांड़ में छोटानागपुर सरना समिति द्वारा आयोजित मन की बात के 100वें संस्करण के श्रोता बने। जहां जनजाति समाज की 2000से ज्यादा भाई-बहन पारंपरिक भेष भूषा में कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विश्व का अनूठा संवाद कार्यक्रम है। जो देश के प्रधानसेवक को जन जन से जोड़ता है। कहा कि भारत के अमृत काल में प्रधानमंत्री के द्वारा दिया गया चरैवेति चरैवेति का मंत्र ही भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा। यह मंत्र सकारात्मकता का मंत्र है। प्रधानमंत्री ने भारत के जन-जन को उनकी ताकत का अहसास भी कराया, उसे महिमामंडित भी किया।

### मन की बात एक प्रेरणादायक उद्‌बोधन : प्रदीप वर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची ग्रामीण ज़िला के टाटीसिल्वे मंडल के बूथ न. 184 के महिलौंग ग्राम में छोटानागपुर सरना समिति द्वारा आयोजित मन की बात के 100वें संस्करण में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, छोटानगपुर सरना समिति के अध्यक्ष बिरसा पाहन, टाटीसिल्वे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, नामकोम मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के साथ 4000 आदिवासी लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के आयोजन में छोटनागपुर सरना समिति के मुख्य संरक्षक डॉ प्रदीप वर्मा की मुख्य भूमिका रही। प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम एक प्रेरणादायक उद्बोधन है। मन की बात कार्यक्रम जन आंदोलन का रूप ले लिया है। यही कारण है कि आज यहां बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग भी मन की बात सुनने आये हैं।

### मन की बात कार्यक्रम कर्म ही पूजा है का संदेश देता है : बाबूलाल मरांडी

नेता विधायक दल और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के तिसरी प्रखंड अंतर्गत मनसा डीह उच्च विद्यालय प्रांगण में मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कर्म ही पूजा है का संदेश देता है। कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से इसे साकार किया है। जनता-जनार्दन की पूजा में उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को पुष्पहार बना लिया। कहा कि देश के कोने-कोने से छिपी प्रतिभाओं को उजागर किया, उसे महिमा मंडित किया और प्रेरित कर भारत माता की सेवा में जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत के लिए कर्तव्यबोध ही मां भारती की पूजा है।

### कौन नेता कहां रहे उपस्थित

नेता विधायक दल और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी : गिरिडीह तिसरी प्रखंड के मंसाडीह उच्च विद्यालय प्रांगण
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास : वर्मा माइंस, जमशेदपुर
क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र : हिनू मंडल के बूथ संख्या 405 पर
प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह : धनबाद
केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा : अंडमान, निकोबार द्वीप
केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी : कोडरमा
इनके अलावा भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सांसद और विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में बूथों पर शामिल हुए।

## राज्यपाल पहुंचे शिबू सोरेन के घर, की औपचारिक मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रविवार 30 अप्रैल को मोरहाबादी स्थित राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचे। उनसे औपचारिक मुलाकात की। उनका कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन भी मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह के नेतृत्व में बिरला मैदान के समीप इंद्रपुरी मंदिर में 23 नंबर बूथ पर 1000 लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। इस दौरान पार्टी की केंद्रीय महासचिव आशा लकड़ा भी मौजूद रहीं।

## मन की बात छिपी प्रतिभाओं को पुरस्कृत करने का एक प्रभावी मंच : राज्यपाल

**मन की बात पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज राज्य के पद्मश्री से सम्मानित हस्तियां और प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में राज्य के गणमान्य लोगों के साथ राजभवन में मन की बात के 100वें संस्करण को सुना इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन में मन की बात पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्‌घाटन व अवलोकन भी किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के अग्रणी प्रभावशाली व्यक्तित्व है। उनके अद्भुत संचार कौशल और मजबूत नेतृत्व दृष्टिकोण न केवल हमारे देश से बल्कि दुनिया भर से लोगों को आकर्षित करते हैं। उनके प्रेरक व्यक्तित्व और गतिशील कार्यों के कारण देश की नयी पीढ़ी उन्हें अपना आदर्श मानती है। राज्यपाल ने कहा कि हमने अभी अभी मन की बात की 100वीं कड़ी सुनी। मन की बात रेडियो कार्यक्रम अब भारत से 23 भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जा रहा है। मन की बात न केवल अथक प्रयासों को स्वीकार करने का एक प्रभावी मंच है, बल्कि समाज मे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली छिपी प्रतिभाओं को पुरस्कृत करने का भी एक प्रभावी मंच है। यह कार्यक्रम नागरिकों को अपने अनुभवों, विचारों और सुझावों को हमारे साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। राज्यपाल ने कहा कि मन की बात सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी साझा करने का एक शक्तिशाली साधन है।

## रामगढ़ के मरीज को मिला एयर एंबुलेंस का लाभ, सीएम का जताया आभार

**रामगढ़ के 73 वर्षीय मरीज कुंज बिहारी राय को इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से शुरू किये गये एयर एंबुलेंस का लाभ लोगों को मिलने लगा है। इस योजना के तहत रविवार को रामगढ़ के 73 वर्षीय एक मरीज कुंज बिहारी राय को इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया। वे दिल के मरीज हैं। कुंज बिहारी राय के परिजनों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया है और कहा कि आवेदन के साथ ही त्वरित एंबुलेंस सेवा उन्हें मुहैया करायी गयी। मालूम हो कि इस योजना की शुरुआत 28 अप्रैल को हुई। जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित सिविल एविएशन परिसर में किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्न गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक डॉ. इरफान अंसारी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे और सिविल एविएशन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**विशेष जानकारी के लिए इस नंबर से कर सकते हैं संपर्क**

झारखंड सरकार की ये सेवा 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध रहेगी। झारखंड सरकार की ओर से इस सेवा के शुरू किये जाने से लोगों को अब एयर एंबुलेंस के लिए दूसरे राज्य के भरोसे नहीं रहना होगा। साथ ही कम शुल्क में ही लोग महज 2 घंटे में ही संबंधित अस्पताल में इलाज के लिए उड़ान भर सकेंगे। इस योजना के संबंध में जानकारी के लिए कैप्टन सिन्हा (निदेशक नागर विमानन) से मोबाइल नंबर 9431114196 पर संपर्क किया जा सकता है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

संदेश

अन्तर-राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई, 2023 के अवसर पर झारखण्ड राज्य के सभी श्रमिक बन्धुओं को शुभकामनाएं

राज्य के मजदूरों की सुरक्षा एवं कल्याण हेतु झारखण्ड सरकार सतत् प्रयासरत है।
श्रमिकों के हित में विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्यः–

- ❖ ई–श्रम पोर्टल में राज्य के 91,79,469 असंगठित श्रमिकों का निबंधन किया गया है। असंगठित श्रमिकों के कल्याणार्थ राज्य में संचालित योजनाओं 1. झारखण्ड असंगठित कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना 2. अंत्येष्टि सहायता योजना 3. असंगठित कर्मकारों के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना 4. चिकित्सा सहायता योजना 5. कौशल उन्नयन योजना में विगत वर्ष में कुल 26,83,33,000/– रुपये का लाभ दिया गया।
- ❖ प्रवासी श्रमिकों के लिए ''अन्तर्राज्यीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना एवं मुख्यमंत्री झारखण्ड अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना'' संचालित है।
- ❖ राज्य में अभी तक 13,55,306 निर्माण श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है। उनके कल्याणार्थ संचालित 15 योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 94,25,98,686/– रुपये का लाभ दिया गया।
- ❖ 1 अप्रैल, 2023 के प्रभाव से असंगठित मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी की दरों पर मंहगाई भत्ता में वृद्धि करते हुए अकुशल श्रेणी के श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 346/– रुपये किया गया। साथ ही अकुशल श्रेणी के ठेका श्रमिकों के लिए मासिक मजदूरी दिनांक 1 अप्रैल, 2023 के प्रभाव से 10,792.72 रुपये किया गया है।

1 मई, 2023 अन्तर-राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण की कामना करती है।

P.R. 295960 (Labour Employment and Traning) 23-24







श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



**घोषणा : रांची महानगर कांग्रेस की नयी कमेटी गठित**

# ग्रासरूट पर काम करनेवालों को कमेटी में मिली जगह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस की नयी कमेटी की रविवार को घोषणा हुई। अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने इस नयी कमेटी की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस कमिटी ने ग्रासरूट पर काम करने वालों को भी जगह मिली है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अनुमोदन के बाद नयी कमेटी के सदस्यों की लिस्ट जारी की गयी है। इस नयी कमिटी के घोषणा कार्यक्रम में महानगर मीडिया प्रभारी राज रूद्रा, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, राज कुमार नागवंशी, डॉ साजदा खातून, नंद किशोर प्रसाद उर्फ नंदू साहू, तारिक मुजुबी एवं प्रवक्ता विकास कुमार यादव उपस्थित थे।

## नयी कमेटी में होंगे 14 उपाध्यक्ष

रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि नयी कमिटी में 14 उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, 46 महासचिव, 71 सचिव, दो मीडिया प्रभारी और प्रवक्ता, 41 कार्यकारिणी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य 42 होंगे। वहीं जिला के सभी अग्रणी संगठन के चेयरमैन को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि पारसनाथ में हुए राज्य स्तरीय चिंतन शिविर से लेकर झारखंड के हर जिला, हर प्रखंड में संवाद कार्यक्रम, केंद्र सरकार के खिलाफ संघर्ष कार्यक्रम में पार्टी के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अपनी भागीदारी सुनिश्चित किये, पार्टी का संदेश लगातार उठाते रहे वैसे लोगों को कमिटी में जगह दी गयी। इसके अलावा धार्मिक, सामाजिक और एनजीओ के माध्यम से सेवा करते आयें हैं और जिन्होंने खुद चलकर कांग्रेस विचार-धारा में अपनी आस्था और विश्वास को जताया वैसे लोगों को पार्टी महानगर में स्थान दिया गया।

**उपाध्यक्ष :** अजय जैन, प्रकाश सिंह, नाजिमा रजा, विनीता पाठक नायक, नंद किशोर प्रसाद, ख्वाजा अशरफुद्दीन उर्फ प्रिंस बट, राज कुमार नागवंशी, प्रेम रंजन, फ्रांसिस तिर्की, तारिक मुजीबी, डॉ. साजदा खातून, दिलीप सिंह, दीपक राम और संतोष महतो

**कोषाध्यक्ष :** विशाल कृष्ण

**महासचिव :** काजल भट्टाचार्य, सुनील अरुण गिरी, जयके खान, सम्राट चटर्जी, जगरनाथ साहू, साकेत पोद्दार, हैदर अली, सिंटू यादव, विश्वजीत चक्रवर्ती, सोनी नायक, प्रदीप सिन्हा कैप्टन, विभोर सिंघानिया, प्रवीण अग्रवाल, कुणाल सिंह, संजय चौबे, जितेंद्र त्रिवेदी, रणधीर सिंह, राबिन कुमार मिश्रा, अर्चना मिर्धा, कुमुदानी प्रभावती, गजेंद्र सिंह, संजय सिंह, लालू, हिना परवीन, दीपू सिन्हा, फिरोज खान, कैशर प्रवीण, शिव कच्छप, अमिताभ बनर्जी, रंजन कच्छप, लाल आशुतोष नाथ शाहदेव, बिजेंद्र सिंह, विनोद सिंह, सुनील यादव, राजेश कुजूर, जगदीप सिंह बोबी, दीपक पोद्दार, राजकुमार राज श्रीवास्तव, प्रवीण टोप्पो, नरेश पदित, मणिकांत राव, मोना राय, रमेश चंद्र पांडेय, इलियास, गुड्डु यादव, एमडी गुलाम सरवर, संतोष कुमार गुप्ता, सचिव-चांदनी सिंह, प्रकाश सोनी, प्रवीण सोनल कच्छप, राजू मल्लिक, बंटी वर्मा, रितेश सिंह राजा, सौरव खन्ना, शकुंतला उरांव, निर्मला तिर्की, सुषमा लकड़ा, संगीता टोप्पो, जसमनी देवी, जोलन टिर्की, संगीता बुद्ध, संगीता तिर्की, विगाल तिर्की, राजेश लिंडा, संजय कच्छप, रमा महली, नौशाद खान, अरविंद कुमार मिश्रा, विनय बागे, वाहिद अंसारी, राजू काठमल, महादेव उरांव, उचू तिर्की, ऐलवीन लकड़ा, गुलफान अंसारी, अजहर इमाम, सुधीर मिंज, जमसीन एक्का, बीबी खान, जितेंद्र सिंह, मुकेश साहू, अनूप सोनी, शिव प्रसाद भाटाचायार्जी, तौहीद खान, मुनत्जीर खान, अशोक सोनी, राजेश शर्मा, शिवू तिर्की, आकाश तिर्की, प्रकाश तिर्की, सुनील टोप्पो, ललित उरांव, बुधु उरांव, नवीन निश्चल, संतोष सोनी, सखी कौर होरो, गुलफाम अंसारी, राखी प्रिया दर्शनी, प्रकाश तिर्की, मो नौशाद अहमद, मो जावेद अली, ऋषिकांत टोप्पो, डेविड दीन, कुसुम सिंह मुंडा, शमशान चटर्जी, अंकित सिंह राजपूत, बंती वर्मा, कन्हैया महतो, संदीप कुमार, श्रीकांत, कौशल्या भारती, कुंदन कुमार सिंह, सुनीता रवि, विद्धु, अनिल सहनी, आरपी सिन्हा, समीक्षा शर्मा, मुकेश अग्रवाल

**मीडिया प्रभारी :** राज कुमार सिंह रूद्रा

**प्रवक्ता :** राजा कर्माकर, विकास कुमार यादव

**कार्यकारिणी सदस्य :** दीपक ओझा, सुधीर चौधरी, इंदुलता देवी, कामेश्वर गिरी, डॉ. सुशील कुमार, मुंजी सिंह, राजन वर्मा, रामधन वर्मन, अनूप लाल, योगेंद्र सिंह बेनी, उमेश चौधरी, नागो चौधरी, मुनीश कुमार, पूर्णिमा सिंह, आनंद जालान, अशोक शर्मा, शकील अहमद, कलीमुद्दीन मदन, अफसर खान बबलू, तारा नाथ शाहदेव, सुबोध गुप्ता, अरुण चावला, सुधीर सिंह, राजीव प्रकाश चौधरी, एस अहमद, रितेश कुमार श्रीवास्तव, मणिशंकर तिवारी, नंदलाल शर्मा, अरुण श्रीवास्तव, अजय कुमार सिंह, हरि लाल साहू, पीके चौधरी, विनय सिंह, उमेश प्रसाद, आशुतोष पाठक, दामोदर राम, प्रभात गुप्ता, विनोद शर्मा, राजू यादव, राजेश वर्मा, इंद्रजीत सिंह, विशेष आमंत्रित सदस्य-सुबोधकांत सहाय, गोपाल प्रसाद साहू, हरि राम, बंधु तिर्की, प्रदीप तुलस्यान, केशव महतो कमलेश, अनादि ब्रह्म, डॉ. जय प्रकाश गुप्ता, डॉ. गुलफाम मुजीबी, रोशन लाल भाटिया, राणा संग्राम सिंह, निरंजन पासवान, चंचल चटर्जी, अमूल्य नीरज खाखो, रमा खलखो, शमशेर आलम, हाजी मतलूब इमाम, आभा सिन्हा, नेली नाथन, सुनील सहाय, खुर्शीद हसन रूमी, रवींद्र सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, अजय नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपू, मदन मोहन शर्मा, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, संजय पांडेय, राजेश सिन्हा सनी, अमरेंद्र सिंह, शशि भूषण राय, निरंजन शर्मा, जगदीश साहू, सुरेन राम, सलीम खान, सुनील सिंह, कमल ठाकुर रमाकांत आनंद, शाबाज अहमद, आलोक तिवारी शामिल हैं।

# टेरर फंडिंग केस में दो उग्रवादी संगठनों के प्रमुख एनआइए की रडार पर, तलाश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेरर फंडिंग मामले में दो उग्रवादी संगठनों के प्रमुख की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को तलाश है। एनआइए को टीपीसी संगठन के प्रमुख ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता और पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के प्रमुख दिनेश गोप की तलाश है। दोनों उग्रवादियों को एनआइए ने टेरर फंडिंग मामले में मोस्ट वांटेड घोषित किया है। साथ ही दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये इनाम घोषित किया है।

## तीन मामलों में ब्रजेश गंझू है मोस्ट वांटेड

**टेरर फंडिंग से जुड़े तीन मामलों में एनआइए ने ब्रजेश गंझू को मोस्ट वांटेड घोषित किया है। ये मामले - 06/2018, 22/2018 और 23/2018 के हैं। इन मामलों में टीपीसी के कई उग्रवादी पकड़े गये और कई ने सरेंडर कर दिया। लेकिन अब तक ब्रजेश गंझू एनआइए की पकड़ से दूर है। गौरतलब है पूर्व में भाकपा माओवादियों से निपटने के लिए पुलिस अफसरों ने पीएलएफआइ को खड़ा किया था। लेकिन यही संगठन पुलिस के लिए गंभीर चुनौती पेश करने लगा। इन दोनों संगठनों का मूल समाप्त करने की जगह पुलिस अफसरों ने भाकपा माओवादियों से अलग हुए नक्सलियों को सहायता दिया। फिर टीपीसी नाम का उग्रवादी संगठन खड़ा करने में मदद की। भाकपा माओवादी से अलग हुए ब्रजेश, मुकेश, कोहराम और आक्रमण ने इसका गठन किया था।**

## दिनेश गोप की लंबे समय से एनआइए को है तलाश

एनआइए को पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के प्रमुख आरसी 02/2018 मामले में तलाश है। गौरतलब है कि नोटबंदी के ठीक बाद दिनेश गोप ने लेवी के 25.38 लाख रुपये एसबीआइ रांची के बेड़ो शाखा में एक पेट्रोल पंप संचालक के जरिए जमा करवाने की कोशिश की थी। तब पेट्रोलपंप संचालक समेत चार लोगों को रांची पुलिस ने 10 नवंबर 2016 को गिरफ्तार किया था। इस मामले में एनआइए ने 19 जनवरी 2018 को केस टेकओवर किया था। एनआइए ने शुरुआत में छापेमारी कर दिनेश गोप के सहयोगी सुमंत कुमार समेत अन्य के ठिकानों से 90 लाख नकदी व निवेश संबंधी कागजात बरामद किये थे। एनआइए ने जांच के क्रम में दिनेश गोप की दो पत्नियों हीरा देवी व शकुंतला कुमारी को गिरफ्तार किया था। 2 मार्च 2020 को एनआइए ने दिनेश गोप के खास सहयोगी जयप्रकाश सिंह भुईंया और अमित देशवाल को गिरफ्तार किया था। पीएलएफआइ के पैसों के कंपनियों में निवेश के मामले में गुजरात के एक व्यवसायी को भी एनआइए ने गिरफ्तार किया था, लेकिन दिनेश गोप अबतक पकड़ से दूर है।

# यातायात पुलिसकर्मी के घर से गहने और 1.60 लाख नगदी की चोरी

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित साउथ ऑफिस पाड़ा में रहने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मी प्रह्लाद महथा के घर से सोने की चेन, झुमका, नथुनी, कान की बाली, अंगूठी सहित कई चांदी के गहने और आलमारी में रखे 1.60 लाख नगदी चोरी चली गयी। प्रह्लाद ने बताया है कि 29 अप्रैल की शाम उनकी पत्नी कुछ काम से बच्चों के साथ बाहर गयी थी। जब उनकी पत्नी घर पहुंची तो देखा कि घर के बाहर वाले कमरे का ताला टूटा है और कीमती सामान गायब हैं।

# एयरपोर्ट के समीप ग्रामीणों और सेना के बीच हुई बहस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के समीप सड़क रिपेयर को लेकर रविवार को हंगामा हुआ। यहां पहले से बनी सड़क पर रिपेयर को लेकर ग्रामीण और सेना के बीच बहस हुई। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा और एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। मिली जानकारी के अनुसार विधायक फंड से रांची एयरपोर्ट के हेथू गांव के रास्ते में पहले से बने सड़क को रिपेयर करने का काम किया जाना है। रविवार को सड़क निर्माण के लिए जैसे ही मजदूर पहुंचे तो वहां पर बने सेना कैंप के जवानों ने रोड बनाने से मना कर दिया और उन्होंने मजदूरों को काम करने से रोक दिया। इसी को लेकर ग्रामीण हंगामा करने लगे। पुलिस की बातचीत के बाद सेना के लोगों और ग्रामीणों की सहमति से सड़क रिपेयर का काम शुरू किया गया।

# श्री श्याम मंदिर का 7वां स्थापना दिवस आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का सातवां स्थापना दिवस समारोह वैशाख शुक्ल एकादशी को विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जायेगा। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नरसरिया ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्थापना समारोह का प्रारंभ सुबह 5:30 बजे मंगल आरती से होगा, इसके बाद श्रृंगार किया जायेगा व 8:30 बजे श्रृंगार आरती करके भोग अर्पित किया जायेगा। मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी अन्नपूर्णा सराओगी परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। इसके बाद मंडल के सदस्य गण श्रवण ढांनढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनुज मोदी, मनोहर केडिया, गौरव अग्रवाल मोनू, सलज अग्रवाल, सोनू और साकेत अलग-अलग सभी देवी देवता और गुरुजनों के भजनों का गायन करेंगे। इसके बाद कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक बालकिशन शर्मा और पूजा पारीक अपने सहयोगियों के साथ श्री श्याम दरबार में भजनों का गायन करेंगे। स्थापना दिवस समारोह की तैयारी का दायित्व महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उप मंत्री अनिल नारनोली, संजय सराफ, पंकज गाड़ोदिया, दिनेश अग्रवाल, कृष्ण शर्मा, रोशन खेमका, अरविंद सोमानी, विशाल पोद्दार, अभिषेक सराओगी, रोनक पोद्दार, रतन शर्मा आदि को दिया गया है। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया सभी श्याम भक्तों को स्थापना दिवस समारोह में आमंत्रित किया है । ज्ञातव्य है कि 2017 में मई माह में श्री श्याम मंदिर का उद्घाटन हुआ था। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# रांची के आसमान में नजर आया सन रिंग

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में रविवार को आसमान में सूर्य की चारों तरफ एक चमकदार रिंग नजर आयी। इसे सोलर हालो या सन रिंग कहते हैं। इसको देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गये।

इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद बताया कि सोलर हालो या सन रिंग एक सामान्य खगोलीय घटना है। यह वातावरण में मौजूद हेक्सागोनल क्रिस्टल के कारण होता है। उन्होंने बताया कि जब वातावरण में मौजूद पानी की बूंदों पर प्रकाश पड़ता है तो उसके विकिरण के कारण यह घटना घटती है। कई बार इस गोले में इंद्रधनुष की तरह कई रंग भी नजर आते हैं।

**झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी ने लगाया निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप**

# मोहल्ला चलंत क्लीनिक की होगी शुरुआत : आदित्य जयसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में रविवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पंडरा, रांची में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया। जिसमें 265 मरीजों का हेल्थ चेकअप किया गया एवं साथ में मुफ्त दवाइयां भी दी गयीं। शिविर में प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ, हड्डी विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, नेत्र विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ, मधुमेह व मानसिक विशेषज्ञ, बीपी और शुगर के विशेषज्ञ, निसंतानता तथा जनरल फिजीशियन के साथ अन्य चिकित्सकों ने अपना योगदान दिया।

मौके पर श्री जयसवाल ने कहा कि आयोजित निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप से शहर के काफी लोग लाभान्वित हुए, ये हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है, हमलोगों के सहयोग से कई लोगों के चेहरे में खुशहाली आयी है। जरूरत के अनुसार रांची के विभिन्न वार्डों में निशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित कर रही है। साथ ही आगे निशुल्क परामर्श कैंप के रूप में पूरे रांची विधानसभा एवं उसके हर एक वार्ड में मोहल्ला चलंत क्लीनिक खोली जायेगी जिससे शहर के लोगों को काफी फायदा भी होगा।

मौके पर प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सूयस सिन्हा, दंत चिकित्सक एवं सर्जन डॉक्टर जैमेश भगत, महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय, ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो , ऐलेन एंड्रयू, मुंजी सिंह, वार्ड 32 के पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार उर्फ पप्पू सिंह, सुमित साहू, अमरजीत सिंह, राजीव चौरसिया, सूरज झा, प्रेम सिंह, प्रेम कुमार, सोनू सिंह, राहुल बिहारी, श्रीकांत कुमार आदि मौजूद थे।

कैंप में डॉक्टर सुबोध कुमार सिंह - आइरिस हॉस्पिटल ( नेत्र रोग विशेषज्ञ ) डॉ रूही सिंह - अंकुरम आइवीएफ (निसंतानता विशेषज्ञ), डॉ प्रकाश कुमार - हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ जेके भगत - दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर हर्ष कुमार - पॉपुलर नर्सिंग होम - (कान नाक गला रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सूयस सिन्हा - नर्व एंड माइंड (मानसिक रोग विशेषज्ञ), डॉ पूजा सहाय - माइक्रोपैकसिस लैब ( माइक्रोबायोलॉजिस्ट ) डॉक्टर आर के सिंह - शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ तन्मय - प्लास्टिक सर्जन, डॉ नूपुर सिंह - ऑर्किड मेडिकल सेंटर (ओबी एस एंड गाइनेकोलॉजिस्ट), डॉ राजेंद्र पाहन - आर्किड मेडिकल सेंटर (एमडी इंटरनल मेडिसिन कंसलटेंट फिजिशियन), आयुषी प्रियदर्शी - साइकोलॉजिस्ट, सदर अस्पताल से सिविल सर्जन की टीम, जनरल फिजिशियन विशेषज्ञ की टीम, आयुर्वेदिक विशेषज्ञ की टीम, होम्योपैथिक विशेषज्ञ की टीम, यूनानी विशेषज्ञ की टीम ने अपना महत्वपूर्ण सेवा एवं योगदान दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राहुल राय ने भाजपा का थामन थामा



रांची (आजाद सिपाही) । रविवार को मन की बात के 100वें संस्करण के शुभ अवसर पर रांची के लालपुर स्थित अद्विि डाइग्नोस्टिक सेंटर के प्रोपराइटर राहुल राय ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा एवं झारखंड प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं पार्टी को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### श्रमिक साथियों के साथ ललित ओझा ने सुनी मन की बात



रांची (आजाद सिपाही) । रांची विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 75, 76 पर सात सौ की संख्या में श्रमिक साथियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 100वें संस्करण के प्रसारण कार्यक्रम को सुना। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल रहीं और मन की बात को सुना। कहा की मन की बात ने देश वासियों को एक खुला मंच प्रदान किया। ललित नारायण ओझा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मन की बात के प्रदेश के संयोजक भी हैं। उन्होंने इस मौके पर कहा कि ये एक ऐतिहासिक कार्यक्रम भी है । क्योंकि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में बिना राजनीतिक चर्चा के, देश के कला संस्कृति, युवा सोच, किसान, महिला, समाज और आधुनिक भारत के सपने को आम जन के साथ जोड़ कर प्रधानमंत्री ने एक कुशल जन सेवक होने का प्रमाण देश को दिया। समाज के हर वर्ग को बोलने का प्लेटफार्म प्रदान किया। मन की बात के माध्यम से हमे हमारे ही देश की बहुत सारी खूबियों से भी रूबरू होने का अवसर मिला। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामाशंकर तिवारी, संजय यादव, बल्ली राय, गौरी शंकर यादव, राम माया राय, बलिंदर यादव, शिव कुमार यादव, उमा राय, महेंद्र यादव, होरिल राय सहित अन्य साथी उपस्थित रहे ।

### साईं मेंशन में लोगों ने सुनी मन की बात



रांची (आजाद सिपाही) । हरमू में बूथ संख्या 294 के अंतर्गत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपाशंकर सिंह के हरमू स्थित आवास साईं मेंशन में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के ऐतिहासिक 100वें संस्करण को सुनने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें 300 से ज्यादा आम लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपाशंकर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता सूर्यमणि सिंह, हरमू मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव आदि कई लोग उपस्थित रहे।

### हिंदपीढ़ी के लोगों ने सुनी मन की बात



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को देश के प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी हिंदपीढ़ी मंडल के अंतर्गत बूथ संख्या 175, 176, 151 के नागरिकों के साथ सुना। कार्यक्रम में राजीव रंजन मिश्रा, राहुल सिन्हा चंकी, मनीष श्रीमाली, अभिनंदन चौधरी, अनिल तिवारी, अमित प्रसाद, राजवीर चौधरी, संजय सरकार, इंदर सिंह, प्रकाश पाल, संजीत पालित, अमित तिवारी, टिंकू महतो, सत्यम केसरी, बबलू कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### प्रधानमंत्री ने देशवासियों का दिल जीता: अजय राय



रांची (आजाद सिपाही) । झारखंड भाजपा के मीडिया संपर्क विभाग के संयोजक व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात के तहत देशवासियों के दिल को जीता है। प्रणानमंत्री ने समाज के हर वर्ग और समुदाय के दुख दर्द को महसूस करते हुए हमेशा जन हित को प्राथमिकता दी है। कही। राय प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100 संस्करण पर डीएवी नंदराज स्कूल के बूथ नंबर 304 और 305 पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कहीं। इस अवसर पर भाजपा के मीडिया सह प्रभारी रमेश पुष्कर, मुना गुप्ता, रामप्रवेश दुबे, मनोज तिवारी, महाबीर प्रसाद, पूर्व पार्षद अभय कुमार सिंह, संजय कुमार, चंदन कुमार, बीके सिंह सहित सैकड़ों आम लोगों ने मन की बात को सुना।


### मन की बात के मुद्दे जन आंदोलन बन गये : संजीव



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को जैसा की सर्वविदित है महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम होता है। उसी के तहत 100 वां एपिसोड में नगर निगम पार्क सेवा सदन में भाजपा अपर बाजार मंडल के द्वारा बूथ नंबर 142 पर मन की बात कार्यक्रम का एलइडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों के बीच प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार साहू थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर बाजार मंडल के अध्यक्ष विनोद महतो, कार्यसमिति सदस्य अशोक पुरोहित, मीडिया प्रभारी नमन भारतीय, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुमन पांडे, मंत्री गुड्डू वर्मा, उपाध्यक्ष बाबू भूहिया रविकेश कुंवर, विजय राम आदि उपस्थित थे।

# नागपुरी भाषा के मानकीकरण पर सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** नागपुरी भाषा परिषद् एवं रामलखन सिंह यादव कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में नागपुरी भाषा के मानकीकरण को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक अवध मणि पाठक ने कहा कि नागपुरी भाषा का एक मानक रूप होना चाहिए।नागपुरी भाषा का भी लिखित रूप एक होनी चाहिए।नागपुरी सदान और आदिवासी समुदाय को जोड़ने का काम करती है।रांची विश्विद्यालय रांची के डी एस डब्लू डॉ.सुदेश कुमार साहू ने कहा कि अपनी मातृभाषा से प्रेम करना चाहिए।उन्होंने नागपुरी भाषा के मानकीकरण के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जे. पी. सिंह ने कहा कि नागपुरी को मानक रूप देने के लिए भाषा की सरलता पर भी ध्यान देने की जरूरत है। वर्तनी सहज होनी चाहिए।

विशिष्ट अतिथि रांची विश्विद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ कुमार एएन शाहदेव ने कहा कि आज का दिन नागपुरी भाषा के मानकीकरण के इतिहास में स्वर्ण दिन सिद्ध होगा।उन्होंने इस कार्यक्रम को नागपुरी भाषा के लिए अतुलनीय, अविस्मरणीय एवं अकल्पनीय बताया। डॉ. शाहदेव ने कहा कि मांय माटी और मांय भाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए। मानकीकरण के लिए इस तरह के प्रयास सराहनीय हैं।भाषा को बचाने के लिए त्यागी और तपस्वी बनना पड़ता है। पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख ने कहा कि नागपुरी भाषा का मानकीकरण होना ही चाहिए। पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि पठन पाठन और लेखन कार्य के लिए नागपुरी का मानक रूप जरूरी है। नागपुरी भाषा परिषद् की महासचिव डॉ.शकुंतला मिश्र ने कहा कि किसी भी भाषा का मानकीकरण एक लंबी प्रक्रिया है। अतः इसे एक कमिटी बनाकर निरंतर रूप से मानक रूप देने के लिए कार्य किए जाएंगे।

नागपुरी साहित्यकार धनेंद्र प्रवाही ने कहा कि नागपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए मानक रूप देना होगा।नागपुरी मानकीकरण की आवश्यकता आज की मांग है।अनेक रूपों में एक रूप खोजने की जरूरत है। नागपुरी गायक क्षितीश कुमार राय ने कहा कि मानकीकरण के लिए अपना क्षेत्रीय मोह त्यागना होगा।इसके लिए समाज के अंतिम व्यक्ति को लेकर भी चलने की जरूरत है।

रांची विश्विद्यालय रांची के नागपुरी विभागाध्यक्ष डॉ उमेशनंद तिवारी ने कहा कि नागपुरी मानकीकरण के लिए भाषा की मूल ध्वनि पर भी ध्यान देने की जरूरत है। सर्वमान्य नागपुरी को ही मानक रूप देने की भी आवश्यकता है। डॉ सविता केशरी ने कहा कि जान बूझ कर नागपुरी को बिगाड़ना उसकी सुंदरता को समाप्त करने जैसा है।शब्दों के प्रयोग पर अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए। जेएन कॉलेज धुर्वा के नागपुरी विभाग के अध्यक्ष डॉ हरीश चौरसिया ने कहा कि नागपुरी के कई रूप हैं लेकिन मानकीकरण के लिए किसी एक रूप को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र विशेष के कारण नागपुरी के कई रूप हो गए हैं लेकिन पठन-पाठन के लिए एकरूपता बनाने की जरूरत है।

राम लखन सिंह यादव कॉलेज के नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ खालिक अहमद ने कहा की मानकीकरण के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। सेमिनार में नागपुरी रेडियो नाटक संग्रह सहनई पुस्तका का लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक आकाशवाणी रांची में प्रसारित 10 नागपुरी रेडियो नाटकों का संग्रह है। 112 पेज की इस पुस्तक का प्रकाशन झारखंड झरोखा ने किया है। इस पुस्तक का संकलन एवं संपादन डॉ शकुंतला मिश्र का है। पुस्तक की कीमत 200 रुपए है। कार्यक्रम का संचालन डॉ शकुंतला मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन डॉ राम कुमार ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत आरएलएसवाई के छात्र छात्राओं के स्वागत गीत से हुई। इस अवसर पर डॉ बुटन महली, डॉ कोरनेलियुस मिंज, डॉ रामजय नाइक, डॉ अशोक बड़ाईक,डॉ अंजू कुमारी,डॉ अंजू लता, इंद्रजीत राम, युगेश महतो, विकास सिन्हा, संतोष भगत, करमी मांझी, रेखा कुमारी,सरोज कुमारी, डॉ अहिल्या कुमारी, सुषमा मिंज, रामदेव बड़ाईक, मनीष कुमार पाण्डेय, नवीन नगेसिया, सोनू सपरवार, पप्पू कुमार महतो,पूजा, फागुनी बेरिया आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सेंट्रल बैंक का स्टार्टअप आउटरीच कार्यक्रम




**रांची (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्टार्टअप आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन स्थानीय होटल बीएनआर चाणक्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रोज्वलन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरकार, विभिन्न बैंकों के उच्चाधिकारियों एवं स्टार्ट से जुडे उद्यमियों का स्वागत करते हुये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि स्टार्टअप आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप संबंधी समस्या के निराकरण के दिशा में प्रयास करना है। साथ ही देश में अधिक से अधिक नागरिकों को नये उद्यमों को प्रारंभ करने के लिये प्रेरित करना है। इस अवसर पर बोलते हुए इंद्रजीत यादव,संयुक्त सचिव, एमएसएमइ ने कहा कि देश एवं झारखंड के विकास में स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके माध्यम से सरकार नये विचारों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित भी कर रही है। भारतीय बैंकर्स एसोशियेशन के वरिष्ठ एडवाइजर अंबलगन ने इस अवसर पर उद्यमियों को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे देश के करोडों युवाओं के पास अनेक संभावनाएं हैं। वे नये विचारों एवं नये उद्योगों के साथ तैयार हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें समर्थन एवं संसाधन प्रदान किया जाये। इंडियन स्टार्टअप एसोशियेशन के अध्यक्ष रथीन भद्र ने स्टार्टअप संबंधी समस्या से मंच को अवगत कराया। इस अवसर पर बिनोद बिहारी मिश्र, उप महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, सुबोध कुमार, एसएलबीसी प्रभारी, किशोर मंत्री, अध्यक्ष, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, बीडी कुजूर, केनरा बैंक एवं एफआर बुखारी, इंडियन बैंक ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन श्री आलोक कुमार मुख्य प्रबंधक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ने किया।

### रांची विस के बूथ नंबर 37 सुनी गयी मन की बात



**रांची (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100 एपिसोड सुखदेव नगर मंडल के अंतर्गत रांची विधानसभा के बूथ नंबर 37 सुना गया। यह कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार द्वारा किया गया। मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में प्रदेश के सोशल मीडिया इंचार्ज राहुल अवस्थी, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कुमार हर्ष, युवा मोर्चा के प्रदेश के मंत्री अजातशत्रु, रागिनी आनंद, रवि दुबे, विमल चौधरी, रणधीर कुमार दास, अनिल सिंह एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### अशोक नगर सोसाइटी में हुआ वार्षिक आमसभा, कोई एजेंडा नहीं हुआ पारित

**रांची (आजाद सिपाही)।** अशोक नगर सोसाइटी में वार्षिक आमसभा रविवार को हुई, जिसमे सोसाइटी के 155 सदस्य उपस्थित हुए। आम सभा में दो मुख्य मुद्दे जो आये, वे थे कि बाई लॉज में बदलाव और सदस्यों के घर तथा दुकानों के मेंटेनेंस चार्ज में वृद्धि। सोसाइटी के बोर्ड को आज सदस्यों का भारी विरोध सहना पड़ा और सदस्यों ने इन मुद्दों पर सहमति नहीं जतायी। विगत दिनों में सोसाइटी में नयी सुरक्षा एजेंसी आयी है, उसका भी सदस्यों ने विरोध किया और कहा कि ऐसे सुरक्षाकर्मियों को इतना भारी राशि देना कहीं से उचित नहीं है। वहीं सोसाइटी के जिन सदस्यों की दुकानें हैं, उन्होंने दुकान के मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाये जाने का भी विरोध किया। लोगों ने एक एक करके अपने मंतव्य रखे और अशोक नगर सोसाइटी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ की वार्षिक आमसभा में एक भी एजेंडा पारित नहीं हुआ।

### विश्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केसी पांडे रांची पहुंचे, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को विश्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केसी पांडे रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर पांडे का स्वागत भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने किया। तिवारी के साथ स्वागत करने वालों में प्रेम जीवाल और अरविंद पाठक रहे। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सी पांडे ने अपने प्रदेश उत्तराखंड के लिए बहुत कुछ किया है। कहा कि पांडे ने विश्व ब्राह्मण संघ को देश ही नहीं विदेशों में भी स्थापित किया है। इसके बाद पांडे के साथ धर्मेंद्र तिवारी ने भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष में रामगढ़ के गुरुनानक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान तिवारी ने अपने संबोधन में कहा प्रेम, समरसता और त्याग से सेवा होती है। जब तक समाज का विकास नहीं होगा। तब तक प्रदेश का और देश का विकास नहीं होगा। इस दौरान के एन त्रिपाठी पूर्व मंत्री झारखंड और पूर्व चेंबर अध्यक्ष पवन शर्मा, निरंजन शर्मा मौजूद थे।

### जेइइ मेंस में डीएवी हेहल के प्रभात कुमार साहू ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रांची (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची के 40 से अधिक होनहारों ने जेइइ मेंस की परीक्षा में 90 पर्सेंटाइल से अधिक लाकर शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के झंडे गाड़ नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसमें प्रभात कुमार साहू (99.38), निलेश कुमार (98.94), अभिनव श्रीवास्तव (98.84), जया कुमारी (98.68), प्रिंस पटवा (98.39), अभिज्ञान श्रीवास्तव(97.36),सशक्त केशरी (96.84), मयंक (95.78), अक्षित(95.54), मानस कुमार (95.48), अभिराज चौहान (95.1), ऋतिक राज (92.96) आदि प्रमुख हैं। प्राचार्य एसके मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाइयां दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## मां जानकी जन्म महोत्सव का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति द्वारा मां जानकी जन्म महोत्सव का कार्यक्रम विधिवत रविवार को दोपहर 12 बजे शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम कचहरी चौक, समिति के कार्यालय से समिति के पदाधिकारीगण क्लब चौक के पास बाबा विद्यापति को माल्यार्पण कर बाबा विद्यापति की आरती जय जय भैरवी असुर भयावनी गीत गाकर बाबा विद्यापति की पूजा अर्चना की गयी। दूसरे चरण में राम जानकी मन्दिर, सर्जना चौक, में मां जानकी की पूजा अर्चना की गयी और तीसरे चरण में 11 कुवारी कन्या का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। शाम में 5 बजे संस्कृति कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा विद्यापति मैथिलि समाज के ही नहीं पूरे सनातन धर्म के लिये आदर्श मने जाते हैं और उनके जीवनी एवं बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यों की प्रशंशा की। कार्यक्रम में दरभंगा से आयीं कलाकार पूजा झा, रूपा झा, निभा झा, अमित आर्या, देवकी नंदन झा ने ऐसा सुर बंधा की सभी श्रोता झूमने पर मजबूर हो गये। कार्यक्रम में मैथिल समाज से आयेबिनोदानंद झा, मुन्नू बाबू, अमरनाथ झा, प्रदीप चौधरी, बीरेंद्र झा, बिद्यानंद झा, दयानंद कुंवर, गोरी झा की मिथिला पेंटिंग में उत्कृस्ट प्रदर्शण करने के लिए सम्मानित किया गया। इधर बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने अपने संबोधन में कहा कि राउरकेला जयनगर को प्रतिदिन चलाने के लिये रेल मंत्री को जल्द ही ज्ञापन दिया जायेग। मैथिलि भाषा के लिये संघर्षरत अमरनाथ झा ने अपने संबोधन में कहा की मैथिलि भाषा के लिए हर तरह से सरकार को मैथिलि भाषा पर सोचने के लिए मजबूर किया जायेगा। कार्यक्रम में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा, निर्भय कांत झा, मित्युंजय झा, किशोर झा मालवीय, प्रवीण मिश्रा, संतोष मिश्रा, शिवराम मिश्रा, जय बक्सी, दीपक जायसवाल, भावेश चंद्रा, भावेश मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## श्री राम नवमी एवं सरहुल महोत्सव का समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** रातू प्रखंड के सिमलिया पंचायत के अंतर्गत रिंग रोड के समीप मां पार्वती सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में श्री राम नवमी एवं सरहुल महोत्सव 2023 का सम्मान सह समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन डॉ राकेश कुमार विद्रोही. मृत्युंजय शर्मा एवं ब्रजेश शर्मा के द्वारा किया गया था। समारोह की शुरुआत बजरंग बली की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि अपने देश व धर्म के प्रति जागरूक रहना समय की मांग है। सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि इस प्रकार का सम्मान समारोह इस क्षेत्र में अनवरत होता रहेगा, ताकि सभी भक्तों को उत्साह उमंग और हौसला बना रहे। विशिष्ट अतिथि रातू थाना प्रभारी- सपन महथा ने कहा कि ऐसा प्रोग्राम समाज के लिए सुई में धागा पिरोने का कार्य करने जैसा किया गया है धन्यवाद एवं बधाई के पात्र हैं आयोजनकर्तागण। इस मौके पर लगभग 60 गांव से लोग आये थे। सभी गांव की समितियों को अंग वस्त्र ओढ़ा कर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ आये हुए सभी लगभग 200 सम्मानित अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गय। मौके पर मिथिलेश दुबे, वीरू दयाल, संजय साहू, अजय तिवारी, शैलेश शर्मा, सुनील मिश्रा, सुबोध साहू, मोनू वर्मा, प्रेम ठाकुर, चंद्र देव महतो, विनोद उरांव, अनीता देवी, जितनी देवी, कामेश्वर ओझा, सत्येंद्र नारायण शर्मा, अभिषेक मिश्रा, अमर झा, कामेश्वर ओझा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का विषय प्रवेश- मृत्युंजय शर्मा ने कराया। अस्पताल के माध्यम से डॉ राकेश कुमार विद्रोही ने कहा कि जरूरतमंदों को जितना हो सके, कम से कम पैसे में सेवा दूंगा। मंच संचालन-ब्रजेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शशि सिंह, विनय कुमार राय, मुनेश कुमार एवं नेहा सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में कई उत्पादों पर मिल रहा है आकर्षक ऑफर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मोरहाबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के तीसरे दिन रविवार को लोगों की भारी भीड़ दिखी। रांचीवासियों ने रविवार की छुट्टी का लाभ उठाते हुए अपने परिवार के साथ मेला घुमने पहुंचे। सभी स्टॉलों में लोगों की भीड़ रही। लोग अपनी जरूरत की चीजें खरीदते नजर आये। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस ट्रेड फेयर में पूर्णरूपेण वातानुकूलित कुल 9 हैंगर में होम एंड डेकोर, रियल इस्टेट, फर्नीचर, इलेक्ट्रिक्लस एंड इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, उद्योग सहित विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाये गये हैं।

ट्रेड फेयर में लोगों को कई उत्पादों पर छुट दी जा रही है। फर्नीचर इंटीरियर में लगे जयपुर वर्ल्ड के स्टॉल में ऑफर के तहत दो बेडशीट एक हजार रुपये में दिये जा रहे हैं। वहीं, दुबई परफ्यूम के स्टॉल में विभिन्न प्रकार के परफ्यूम पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यहां परफ्यूम की शुरूआती कीमत 200 रुपए से हो रही है। तरह तरह के फ्लवेर में यह परफ्यूम लोगों को पंसद भी आ रहा है।

ट्रेड फेयर के इंटरनेशनल हॉल नंबर एक में एक डमेंट परफ्यूम की खरीदारी पर एक फ्री में दिया जा रहा है। वहीं, इंटरनेशनल हॉल नंबर दो में पांच हजार रुपए के लाइट की खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार मिल रहा है। लोग इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। वहीं, मेले में खरीदारी के दौरान आकर्षक योजनाएं समेत 3000 रुपए से अधिक की खरीदारी पर निश्चित उपहार का भी लोग लाभ उठा रहे हैं।

झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रविवार को ट्रेड फेयर देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर दो बजे के बाद से लोगों का आने का सिलासिला शुरू हुआ, जोकि देर रात्रि तक चला। लोग अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी करते दिखे। पूर्णरूपेण वातानुकूलित स्टॉल में लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं लोगों ने परिवार के साथ फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाया। एक मई को सरकारी छुट्टी होने के कारण सोमवार को भी भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

**ट्रेड फेयर पहुंचे उद्योग विभाग के डिप्टी डायरेक्टर :** उद्योग विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद अपने परिवार संग ट्रेड फेयर देखने पहुंचे। उनके आगमन झारखंड चैंबर की ओर से स्वागत किया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के सदस्यगण मौजूद थे। वहीं, डांस वांस संस्था की ओर से बच्चों ने डांस की प्रस्तुति दी।

# नगड़ी लोहरा परिवार ने कराया सामूहिक सरना झंडागड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पिस्का-नगड़ी के चिपरा पंचायत के मौजा-चिपरा के ग्रामप्रधान सह ग्राम पहान तोले पाहान की अगुवाई में चिपरा गांव के समस्त आदिवासी लोहरा परिवार ने रविवार क ो जनजातीय परंपरा से पूजा कर चिपरा के सरना मंडली के नेतृत्व में सरना झंडागडी किया गया है। सर्वसम्मति से आदिवासी लोहरा समाज (चिपरा-पंचायत) प्रभारी- लालू लोहरा चुने गये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आलोस प्रखंड समिति नगड़ी (कार्यकारी अध्यक्ष) सुमन लोहरा ने कहा कि लोहरा जाति झारखंड राज्य के 32अनुसूचित जनजाति में से एक जनजाति लोहरा जाति है, जिनके खतियान में जाति- लोहार/कौम-लोहार दर्ज पाया जाता हैं। पंचायत समिति (चिपरा) रोपना उरांव ने कहा कि लोहरा (अनुसूचित जनजाति)के खतियान में ही जाति-लोहार/कौम-लोहार दर्ज है। लोहरा जाति के सदस्यों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। चिपरा-मौजा में खतियानी- लोहार/कौम-लोहार की जमीन का खरीद-बिक्री लोहार(पिछडी जाति) से नहीं होगा, बल्कि होगा तो सीएनटी एक्ट 46 के तहत ही किया जायेगा।

ग्रामप्रधान सह पाहान (चिपरा) तोले उरांव ने कहा कि लोहरा जाति के सदस्य प्राकृतिक धर्म सरना धर्म को मानने लगे हैं। कुछ दिन पूर्व अपने मूल धर्म से भटक कर अन्य धर्म मानने लगे थे।आज से अपना मूल धर्म-सरना धर्म मानने को लेकर पूरा लोहरा परिवार एक साथ जनजातीय परम्परा अनुसार पाहान (स्वयं) मेरे द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर सामूहिक सरना झंडा गडी किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत चिपरा के वार्ड सदस्य (03) सुरेश लोहरा, बाईस पडहा सरना मण्डली-सुंदरी उरांव, भगमुनी उरांव, लालू लोहरा, आकाश लोहरा, लालू लोहरा, लक्की लोहरा, शशि बाला कुमारी, सुमन देवी, गीतांजली लोहरा, जगत लोहरा, सतीश लोहरा, सुखराम लोहरा, रोहित लोहरा, पवन लोहरा, जनत लोहरा, लक्ष्मन लोहरा, काजल कुमारी, चमरू उरांव, रोपना उरांव, जनक लोहरा, रोशनी कुमारी शामिल हुए।

## दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति आरयू ने की वार्ता

# सभी के सहयोग से भव्य और सफल होगा 36वां दीक्षांत समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आयोजित रांची विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति आरयू प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में 29 अप्रैल 2023 को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने इस दीक्षांत समारोह को सफल और भव्य बनाने की अपील की। वार्ता में कुलपति ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में होने वाले 36वें दीक्षांत समारोह की तैयारी तकरीबन पूरी कर ली गयी है और 29,249 छात्रों को डिग्री दी जायेगी। इस दीक्षांत समारोह में हमारे राज्यपाल सह कुलाधिपति मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति ने आश्वस्त किया कि दीक्षांत समारोह में उन्हें कवरेज एवं प्रसारण के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सहयोग किया जायेगा।

**गेट पास के साथ छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में ही आना है :** कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिये छात्रों को गेट पास दिया जा रहा है उसमें उनका सीट नंबर एवं अन्य जानकारियां हैं। समारोह में छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में ही आना है। छात्रों के लिये ड्रेस कोड सफेद धोती कुर्ता या सफेद कुर्ता पायामा है वहीं छात्राओं के लिए ड्रेस कोड में सफेद सलवार सूट और लाल दुपट्टा या लाल पाढ़ वाली सफेद सारी तथा लाल ब्लाउज है। किसी भी व्यक्ति का काले वस्त्र में समारोह में प्रवेश वर्जित है।

**ऑन लाइन भी देख सकेंगे दीक्षांत समारोह :** कुलपति ने बताया कि जिन छात्रों के माता पिता दीक्षांत किसी कारण से दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो पायेंगे वो विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त लिंक से मोबाइल या कंप्यूटर में दीक्षांत समारोह को लाइव भी देख सकते हैं। कुलपति नेकहा कि यह सिर्फ रांची विश्वविद्यालय का ही दीक्षांत समारोह नहीं बल्कि आप सबों का भी समारोह है। इसे हम सबों को मिल कर सफल बनाना है। इस पत्रकार वार्ता में कुलपति के अलावा कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, एफए डॉ देवाशीष गोस्वामी, सीसीडीसी डॉ पीके झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, एफओ डॉ कुमार आदित्यनाथ शाहदेव, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहु, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ प्रीतम कुमार, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# स्कूलों में दाखिले की सही उम्र

हाल ही में नयी शिक्षा नीति के तहत पहली कक्षा में बच्चों को 6 साल की उम्र में दाखिला दिया जायेगा। पहले 5 साल की उम्र में ही बच्चे पहली कक्षा में पढ़ने लगते थे। बहुत से अध्यापकों और माता-पिता ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे छोटे बच्चों के ऊपर पढ़ाई का दबाव कम होगा। वे फ्री महसूस करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने भी एक बार कहा था कि बच्चों को बहुत छोटी उम्र से स्कूल नहीं भेजा जाना चाहिए। उनके मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाना चाहिए। हालांकि सरकार के इस कदम का कई राज्य सरकारों ने विरोध भी किया है। यदि बच्चे देर से पढ़ना शुरू करेंगे तो बहुत से बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं को नहीं दे पायेंगे। इससे उनकी भविष्य की योजनाएं विफल हो जायेंगी। हालांकि गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा आदि राज्य इस बदलाव के लिए तैयार हो गये हैं। वे बच्चों की पहली कक्षा में पढ़ने की उम्र 6 साल को ठीक मान रहे हैं। इस मामले में शिक्षा मंत्रालय का भी कहना है कि अलग-अलग राज्यों में दाखिले की अलग-अलग उम्र ठीक नहीं है। यदि 50-60 साल पहले को याद करें तो बच्चे 6 साल से पहले पढ़ने नहीं भेजे जाते थे, तब माता-पिता और घर वालों का कहना था कि बच्चों को बहुत छुटपन से स्कूल नहीं भेजा जाना चाहिए। उन्हें खेलने-कूदने देना चाहिए। पढ़ेंगे तो जीवन भर, मगर यह उम्र फिर कभी वापस नहीं आयेगी, लेकिन शिक्षा का दबाव लगातार बढ़ता गया और एक ऐसा वक्त भी आया कि दो-ढाई साल के बच्चों को प्ले-वे स्कूल भेजा जाने लगा, जिससे कि स्कूल जाने से पहले ही वे इतना कुछ सीख लें कि एडमिशन में परेशानी न हो। हर माता-पिता अपने बच्चे को उम्र से पहले ही हर तरह का इतना रट्टा लगवाना चाहते थे कि बस बच्चे के जीवन में हरदम सफलता ही सफलता हो। सफलता का यह जुनून और नशा इतना ज्यादा है कि माता-पिता कुछ सुनते ही नहीं हैं। वे जल्दी से जल्दी एक तरह से घुट्टी में ही बच्चों को सब कुछ सिखा देना चाहते हैं। ब्रिटेन के फिस्कल रिसर्च इंस्टीच्यूट ने एक अध्ययन में पाया था कि कम उम्र में बच्चों को स्कूल भेजने पर वे अधिक अच्छा परफार्म करते हैं, यह धारणा सही नहीं है बल्कि छोटे बच्चे बहुत बार ठीक से समझ नहीं पाते हैं। मान लीजिए 2 बच्चों का जन्म एक ही साल में हुआ है, लेकिन एक का जनवरी में और दूसरे का दिसंबर में। पढ़ते दोनों बच्चे एक ही कक्षा में हैं। देखा गया है कि 11 माह का यह अंतर बड़ा होता है। छोटा बच्चा अक्सर बड़े बच्चे से पिछड़ जाता है। इसलिए एक कक्षा में दाखिले की उम्र एक ही होनी चाहिए। एलकेजी की सही उम्र 4 साल और पहली कक्षा की 6 साल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मनोवैज्ञानिकों द्वारा भी ठीक मानी गयी है।

**एक कक्षा में दाखिले की उम्र एक ही होनी चाहिए। एलकेजी की सही उम्र 4 साल और पहली कक्षा की 6 साल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मनोवैज्ञानिकों द्वारा भी ठीक मानी गयी है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

सरजू पांडेय जी की ईमानदार की दाद दी जाती है। तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को उत्तराखंड में जमीन दी गयी, लेकिन सरजू पांडेय जी ने 20 बीघा जमीन लौटा दी। सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को 1982 में दिया गया ताम्रपत्र भी लौटा दिया। कहा कि देश सेवा फर्ज है, हमें किसी तमगे या पेंशन की जरूरत नहीं है। यही नहीं, पांडेय जी की ईमानदारी और सादगी से प्रभावित पूर्व पेट्रोलियम मंत्री ने भी एक पेट्रोल पंप देने की पेशकश की, लेकिन सरजू पांडेय जी ने उसे विनम्रता से मना कर दिया। कहा कि साख पर दाग उचित नहीं है।

# पूर्वांचल के क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरजू पांडेयजी

ऋषि

**वर्ष** 1937 में महान किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती गाजीपुर के पाली गांव में जमींदार राजा राय के यहां बुलावे पर पहुंचे। जमींदार ने गरीब किसानों से जबरदस्ती लेकर दूध की कई बाल्टियां स्वामी जी स्वागत में अपने दरवाजे पर जुटा लीं, स्वामी जी ने पूछा दूध कहां से लाये हो, जमींदार ने कहा कि रियाया है महाराज दे जाती है। यह सुन कर स्वामी आगबबूला हो गये, उन्होंने सारी दूध की बाल्टियों को लात से मार कर गिरा दिया कि यह दूध नहीं, किसानों का खून है। जमींदार के दरवाजे पर स्वामी जी को सुनने के लिए जुटी भीड़ स्वामी जी जय जयकार करने लगी। पाली गांव के उस भीड़ में 18 वर्षीय युवा सरजू पांडेय जी भी थे। अन्याय के खिलाफ स्वामी सहजानंद सरस्वती का यह रूप वहां मौजूद युवा सरजू पांडेय जी को बहुत प्रभावित किया। वह किसानों और मजूदरों की सेवा को अपना ध्येय बना लिये।

**स्वतंत्रता संग्राम में थाना फूंके, 46 साल की सजा :** 15 अगस्त 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में हजारों की भीड़ लेकर सरजू पांडेय जी कासिमाबाद थाने में चढ़ गये। वहां तिरंगा फहरा दिया। आक्रोशित भीड़ ने थाना फूंक दिया। सरजू पांडेय जी को सात साल की जेल हुई। उनके पैतृक गांव उरहां में अंग्रेजों ने कुर्की जब्ती की। उनके मिट्टी के घर पर घोड़े दौड़ा कर मैदान कर दिया। सरजू पांडेय जी के भतीजे और भारद्वाज स्मारक समिति के पूर्व सचिव स्व रामलाल जी ने एक बातचीत में कहा था कि कुर्की के समय मैं आठ वर्ष का था। अंग्रेजों के सिपाहियों ने मेरे मेरे बदन से शॉल भी खींच लिया था। सरजू पांडेय जी के पिता महावीर पांडेय को भी थानेदार ने डंडों से पीटा, लेकिन उन्होंने अपने बेटे का पता नहीं बताया। उन पर 20 से अधिक मुकदमों में कुल 46 साल की सजा हुई। करीब चार साल की जेल में वह गाजीपुर, वाराणसी और लखनऊ जेल में सजा काटी। देश स्वतंत्र हुआ तो रिहा हुए।

**सरजू पांडेय जी का पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, चंद्रशेखर और अटल बिहारी वाजपेयी से मधुर संबंध थे।**



**10 सालों तक लगातार किसान आंदोलन :** 1947 से लेकर 1957 तक सरजू पांडेय जी ने किसानों और मजलूमों पर जुल्म कर रहे आततायी जमींदारों के खिलाफ मुहिम छेड़ दिये। हरी बेगारी, नजराना और बंधुआ मजूदरी के खिलाफ सशक्त मुहिम चलायी। किसान और मजदूरों को हक दिया। कई जमींदारों से झड़प भी हुई। कई मुकदमे चले। बलिया के छिछोर कांड में भी नामजद रहे। बाद में बाइज्जत बरी हुए।

**एक साल विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीते :** जमीनी सियासत और आंदोलन के कारण पांडेय जी की लोकप्रियता काफी बढ़ गयी। 1557 का रसड़ा लोकसभा और गाजीपुर के मोहम्मदाबाद से विधानसभा चुनाव एक साथ जीते। रसड़ा में पंडित नेहरू के साथी और पूर्व गवर्नर शौकतउल्लाह अंसारी को हरा कर सबको चकित कर दिया। संसद में नेहरू ने पूछा? कौन है सरजू पांडेय, जब वह खड़ा हुए, तो उनकी साधारण वेशभूषा देख कर चकित रह गये। पंडित नेहरू ने कोट से गुलाब निकाल कर उन्हें सम्मानित किया, कहा बहुत मजबूत लड़ाई लड़ कर आये हो।

**चार बार सांसद और तीन बार विधान परिषद सदस्य रहे :** वर्ष 1957, 1962, 1967 और 1972 का लोकसभा चुनाव लगातार जीते। 57 और 62 का चुनाव उन्होंने रसड़ा लोकसभा और 67 और 72 का चुनाव गाजीपुर लोकसभा से जीता। गरीबों और मजलूमों की सेवा करते रहे। संसद में पूर्वांचल की गरीबी का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने संसद में बताया कि किस तरह लोग गोबर में अनाज निकाल कर उसे साफ कर सुखा कर भोजन के काम में लाते हैं। पूर्व सांसद विश्वनाथ सिंह गहमरी के साथ मिल कर पटेल आयोग की अनुशंसा करायी। हालांक उसका श्रेय नहीं लिये।

**स्वतंत्रता सेनानियों की पेशन और ताम्रपत्र लौटाया :** सरजू पांडेय जी की ईमानदार की दाद दी जाती है। तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को उत्तराखंड में जमीन दी गयी, लेकिन सरजू पांडेय जी ने 20 बीघा जमीन लौटा दी। सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को 1982 में दिया गया ताम्रपत्र भी लौटा दिया। कहा कि देश सेवा फर्ज है, हमें किसी तमगे या पेंशन की जरूरत नहीं है। यही नहीं, पांडेय जी की ईमानदारी और सादगी से प्रभावित पूर्व पेट्रोलियम मंत्री ने भी एक पेट्रोल पंप देने की पेशकश की, लेकिन सरजू पांडेय जी ने उसे विनम्रता से मना कर दिया। कहा कि साख पर दाग उचित नहीं है। नेताओं की कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए।

**धारा 370 का विरोध किया :** संसद में वर्ष 1964 में लाल बहादुर शास्त्री जी द्वारा कश्मीर पर लाये गये बिल का समर्थन करते हुए धारा-370 का विरोध किया। उस दौरान संसद में अटल बिहारी वाजपेयी, राममनोहर लोहिया और मधु लिमये के साथ स्वर में स्वर मिला कर देश की एकीकरण की पुरजोर वकालत की। पांच अगस्त 2019 को संसद में धारा-370 के खिलाफ लाये गये बिल पर विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खास तौर पर जिन पुराने प्रमुख नेताओं का नाम लिया, उसमें सरजू पांडेय जी भी थे।

प्रभात खबर की स्थापना के शताब्दी समारोह में शामिल होने रांची आये पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने जी ने भी 1964 में लाये गये धारा 370 बिल पर हुई चर्चा को याद करते हुए सरजू पांडेय जी का नाम लिया.

**1970 में 110 बीघे जमीन का वितरण दलित, पिछड़ों में कराया :** 1970 में गाजीपुर के सांसद रहते हुए उन्होंने कासिमाबाद के रेंगा गांव में 110 बीघे जमीन का वितरण गरीबों यादव, राजभर और दलित समाज में कराया. जंगीपुर के बोगना ताल के हजारों एक-ड़ जमीन का वितरण गरीबों में कराया।

**तीन बार विधान परिषद सदस्य रहे :** वर्ष 1977 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद वह तीन बार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य रहे। जनसेवा करते रहे। दूसरे दलों में भी उनके प्रशंसक रहे।

**पांच पूर्व प्रधानमंत्रियों के साथ व्यक्तिगत रिश्ते :** सरजू पांडेय जी का पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, चंद्रशेखर और अटल बिहारी वाजपेयी से मधुर संबंध थे। इंदिरा गांधी उनके खिलाफ प्रचार करने भी जाती तो कहतीं पांडेय जी गलत पार्टी में सही नेता हैं।

**शिक्षा के प्रचार प्रसार में अग्रणी भूमिका :** 1970 से लेकर 1980 तक गाजीपुर पीजी कॉलेज के प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रहे। संचालन और उन्नयन में प्रमुख भूमिका निभायी। आज यह जिले का प्रमुख शिक्षण संस्थान है।

**देहावसान पर उमड़ी रिकॉर्ड तोड़ भीड़ :** 25 अगस्त 1989 को रूस के मॉस्को शहर में हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर उनको कंधा देने पूर्व सीएम एनडी तिवारी, मुलायम सिंह यादव और बेनी प्रसाद वर्मा पहुंचे थे। उनके निधन पर गाजीपुर में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए अपार जनसमूह उमड़ा। यह भीड़ ऐतिहासिक था। आज तक जिले में उतनी भीड़ कभी नहीं उमड़ी।

# श्रमिकों के लिए कानून नहीं जागरूकता की जरूरत



अजीत सिंह




एक मई को मजदूरों को सम्मान देने के लिए मजदूर दिवस के रूप मनाएंगे और पुनः भूल जाएंगे। भारत में इसे मनाने की शुरूआत तो एक मई 1923 को हो गयी थी। मजदूरों के हित में तमाम तरह के कानून बने, लेकिन वह सब मजदूरों के लिए नाकाफी है। यह वैसे ही है, जैसे दहेज उत्पीड़न के तमाम कानूनों के बावजूद दहेज प्रथा पर रोक नहीं लगाया जा सकी। अब सरकार और समाज दोनों को मिल कर इस पर विचार करने की जरूरत है कि आखिर मजदूरों की मूल परेशानी क्या है। उनकी समस्या को दूर करने के लिए किन उपायों पर विचार करना चाहिए।

मजदूरों के उत्थान के लिए यदि सरकार की योजनाओं और उनकी सुरक्षा के लिए बने कानून पर विचार करें, तो मजदूर वर्ग के जीवन से लेकर इहलोक से विदा होने तक के लिए सरकार ने तमाम योजनाएं चला रखी हैं। यदि सभी योजनाओं को सही ढंग से लागू कर दिया जाय तो मजदूर वर्ग की अधिकांश परेशानियां दूर हो जायें, लेकिन परेशानी यह है कि इन योजनाओं के प्रति मजदूरों को कोई जागरूक करने वाला नहीं है। इस पर विचार करने की जरूरत है कि जिसके पास खाने के इंतजाम करने अलावा कोई समय नहीं है। वह घर में टीवी कैसे रख सकता है। खेतों में पसीना बहाकर भूख के आगे जो अक्षरों के ज्ञान तक पहुंचा ही नहीं, वह अखबार में अपनी योजनाओं की जानकारी कैसे ले सकेगा। हकीकत तो यह है कि जो अधिकारी या कर्मचारी उन तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए जिम्मेदार है, वह खुद ही सारी योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं रखता, जो जानकार है वह मलिन बस्तियों में जाना नहीं चाहता। यहां तो सिर्फ कागजों की खानापूर्ति होती है।

हमें जरूरत सिर्फ इस बात की है कि उनके लिए जो भी योजनाएं लागू हैं, वे सही व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सिर्फ कानून से काम नहीं चलने वाला। इसके लिए हमें संस्कृति को बदलनी होगी। हमें बड़े लोगों के स्वभाव को बदलने के लिए जागरूकता लाने की जरूरत है। हम इस बात को भी समझाने की जरूरत है कि अमीर और गरीब नदी के दो किनारे नहीं हैं। दोनो ही एक दूसरे के पूरक हैं। यदि कोई गरीब नहीं है तो अमीर की कल्पना नहीं की जा सकती। आज जो भी अमीर हैं, बड़े व्यापारी हैं, उनकी ऊंची इमारत गरीबों के पसीने से बनी है।

जहां तक मजदूर वर्ग के स्वभाव का सवाल है। वह पैसे से ज्यादा प्यार का भूखा होता है। इसका एक उदाहरण उप्र के वर्तमान नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पेश किया है। वे अधिकांशतः सड़कों पर सफाई करने वाले मजदूरों, सफाई कर्मियों के बीच जाकर सुबह ही खड़े हो जाते और उनका हौसला आफजाई करते हैं। इसका नतीजा अधिकांश जगहों पर दिखने लगा है।

अब जरा बात कर लें मजदूर दिवस के इतिहास की। एक मई 1886 को अमेरिका में आंदोलन की शुरुआत हुई थी। इस आंदोलन में अमेरिका के मजदूर सड़कों पर आ गये थे और वो अपने हक के लिए आवाज बुलंद करने लगे। इस तरह के आंदोलन का कारण था काम के घंटे क्योंकि मजदूरों से दिन के 15-15 घंटे काम लिया जाता था। आंदोलन के बीच में मजदूरों पर पुलिस ने गोली चला दी और कई मजदूरों की जान चली गयी। वहीं 100 से ज्यादा श्रमिक घायल हो गये। इस आंदोलन के तीन साल बाद 1889 में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन की बैठक हुई। जिसमें तय हुआ कि हर मजदूर से केवल दिन के 8 घंटे ही काम लिया जाएगा।

अमेरिका में भले ही 1 मई 1889 को मजदूर दिवस मनाने का प्रस्ताव आ गया हो। लेकिन भारत में यह 34 साल बाद आया। भारत में 1 मई 1923 को चेन्नई से मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत हुई। लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान की अध्यक्षता में ये फैसला किया गया।

इस बैठक को कई सारे संगठन और सोशल पार्टी का समर्थन मिला। जो मजदूरों पर हो रहे अत्याचारों और शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। इसका नेतृत्व वामपंथी कर रहे थे।

अब मजदूर वर्ग के सम्मान में हर साल एक मई को देश-दुनिया में मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल एक मई का दिन इनको समर्पित होता है। इसे लेबर डे, श्रमिक दिवस, मजदूर दिवस, मई डे के नाम से जाना जाता है।

मजदूर दिवस का दिन ना केवल श्रमिकों को सम्मान देने के लिए होता है, बल्कि इस दिन मजदूरों के हक के प्रति आवाज भी उठायी जाती है, जिससे कि उन्हें समान अधिकार मिल सके।

## जमशेदपुर की खबरें

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के तमोलिया स्काईलैंड सिटी निवासी सुशील कुमार की हीरो होंडा स्प्लेंडर 2 अप्रैल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। मौके पर उन्होंने घटना की लिखित शिकायत कपाली ओपी में दी। जानकारी मिलते ही कपाली ओपी प्रभारी सुनील कुमार भोक्ता ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को घटना की जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी ने बताया गश्ती के दौरान एक युवक कपाली के हासाडूंगरी चांद होटल के समीप तेज गति से जा रहा था। एएसआइ शांति मींज व शस्त्र बल के द्वारा जांच करने पर हीरो होंडा मोटरसाइकिल में दूसरा नंबर लगाकर चलाने की जानकारी मिली। पुलिस ने कारवाई करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान पता चला उलीडीह कुंवर रोड निवासी 26 वर्षीय साबिर अंसारी नंबर बदल कर चोरी की मोटरसाइकिल चला रहा था। जांच में सुशील कुमार की मोटरसाइकिल होने की जानकारी मिली।

# मन की बात' कार्यक्रम से लोगों की सोच और नजरिए में आया बदलाव : रघुवर दास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 100वां संस्करण के अवसर पर पूरे देश भर के साथ-साथ झारखंड प्रदेश में भी उत्साह रहा है। इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने जमशेदपुर के बारीडीह मंडल में बिरसा मुंडा टाउन हॉल में स्थानीय लोगों के साथ सुना। इस अवसर पर रघुवर दास ने कहा कि दूर दराज के क्षेत्रों में काम करने वाले गुमनाम नायकों को देश के सामने लाने का कार्य भी इस कार्यक्रम के माध्यम से हुआ है। इस दौरान उन्होंने बताया कि आईआईएम की एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 100 करोड़ से ज्यादा लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी है। उन्होंने कहा कि हर माह 22 करोड़ लोग इसे सुनते हैं। आज इसके 100वें एपिसोड को सुनने के लिए लोगों में जो उत्सुकता देखी, वह इसकी सफलता और लोकप्रियता की गवाही दे रही है।

# जिले में अवैध बालू के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, बालू माफियाओं में मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले एसपी आनंद प्रकाश के निर्देश पर आदित्यपुर पुलिस ने बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान तेज कर दी। रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते सापड़ा नदी घाट के समीप अवैध बालू भंडारण को जप्त कर लिया। साथ ही मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी। वही जिले के अलग अलग प्रखंडों में दो ट्रैक्टर, दो हाईवा,एक डम्पहर व अवैध बालू भंडारण को जप्त किया गया। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कंप मच गया। वही बालू माफियाओ के वाहन पकड़े जाने से बचने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपनाया जा रहा है।

## मन की बात कार्यक्रम के विरोध में कांग्रेसियों ने मुंह पर काली पट्टी लगायी

# कब करेंगे जन की बात : आनंद बिहारी दुबे



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वा एपिसोड को भाजपाइयों ने सुनकर जनता के हित में बताया। वहीं रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत में सैकड़ो कांग्रेसियों ने साकची गोलचक्कर में मौन धारण कर विरोध कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर बड़े पैमाने पर कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर कान में रूई ठुस कर विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे। साकची गोलचक्कर के समीप कांग्रेसियों ने हाथ में तख्ती पकड़ कर लगभग तीन घंटा मौन विरोध कार्यक्रम में बैठे रहे। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा विगत नौ वर्षो से मोदी जी सिर्फ मन की बात कर रहे हैं, जन की बात कब करेंगे। मौन विरोध कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, जम्मी भाष्कर प्रलक्ता कोल्हान प्रमण्डल, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, सामंता कुमार, रियाजुद्दीन खान, मौलाना अंसार खान, सुबोध सिंह सरदार,भारयात्री अमरजीत नाथ मिश्र, कार्यकारीअध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर, संजय सिंह आजाद, जितेन्द्र सिंह, अतुल गुप्ता, ओमप्रकाश उपाध्याय, अरूण कुमार सिंह, मंजीत आनन्द, रजनीश सिंह, सुखदेव सिंह मल्ली, जसवंत सिंह जस्सी, उदय कुमार सिंह, अपर्णा गुहा, अजय ओझा, सुशीला पाण्डेय, हरेंद्र मिश्र, इंतिखाब वास्ती, इंदुभुषण यादव, सुनील प्रसाद, जफर अहमद, राजीव मिश्र, नलनी सिन्हा, रेशमी निगार फरहत बेगम, रंजीत सिंह, भरत सिंह, आशीष ठाकुर, मनोज उपाध्याय, संजय चौधरी, रंजीत झा, लव कुमार निराला, नन्दलाल सिंह, आमिर सोहेल, सैलेन्द्र सिंह, प्रमोद मिश्र, रविंद्र कुमार मौर्या, अशोक सिंह क्रांतिकारी, राहुल गोस्वामी, अमृत गुप्ता, ज्योति मिश्र, सुदर्शन तिवारी, कमलेश कुमार, मो सगीर, बिरेंद्र पाण्डेय, नारद पाण्डेय, चंदन यादव, नजीर अफसर खान, शिबु सिंह, सन्नी सिंह, सरदार सुरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, मनोज उपाध्याय, मो सलीम, अजय मंडल, शाहिद अख्तर आदिल खान मोहम्मद शमसी सहित सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल रहे। धन्यवाद ज्ञापन संजय सिंह आजाद ने दिया।

## 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला के गढ़वा विधानसभा में बूथ संख्या - 146,147,148,गढ़वा नगर मंडल के टंडवा के देवीधाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवीन चेतना को जागृत करने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को सुना गया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता सुबह पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुनना अत्यंत प्रेरणादायी, उत्साहवर्धक एवं दिव्य अनुभूति से अभिसिंचित करने वाला होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश और देशवासियों की बात है, यह राष्ट्र उत्थान और जनकल्याण की बात है। 100वें ऐतिहासिक संस्करण को पूर्ण एकाग्रता के साथ सुनना, हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी जी, युवा भाजपा नेता चंदन जयसवाल ,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुष्परंजन ,दीपक तिवारी , विजय चौबे , धनंजय तिवारी , रोशन धर दुबे ,संजय सिंह,गौरव जायसवाल,अमित ठाकुर,राजू सोनी,अमित केशरी,बजरंगी सोनी,कमलेश सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समस्त ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विभिन्न बूथों और स्थानों पर मन की बात के 100वें एपिसोड को सुना




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बंशीधर नगर में भाजपाइयों ने विभिन्न बूथों और स्थानों पर मन की बात की सॉरी एपिसोड को सुना पूर्व मंत्री सब भाजपा नेता रामचंद्र केसरी के नेतृत्व में बूथ संख्या 241 पर प्रधानमंत्री के द्वारा मन की बात को चुना गया मौके पर रामचंद्र केसरी अश्वनी कुमार लाला पासवान वसंत जायसवाल हीरा प्रसाद शुभरात्रि खान सलीम अंसारी नईम खलीफा मनोज को मनोज कुमार सहित आदि लोग उपस्थित थे

## अभिभावक शिक्षक संवाद का आयोजन किया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सेल डीएवी भवनाथपुर में अभिभावक शिक्षक संवाद का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में बच्चों के सर्वांगीण विकास की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। प्रिंसिपल आर सचदेवा ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता दुहराई। मीटिंग के दौरान अभिभावकों द्वारा स्कूल में इंग्लिश कम्युनिकेशन का माहौल बनाने, बच्चों को नियमित होमवर्क देने एवं चेक करने,बच्चों को जंक फूड से दूर रखने,छात्रों की अधिक संख्या वाले क्लास का सेक्शन अलग करने, सारे क्लास नियमित करने, संस्कार युक्त शिक्षा देने,वैसे छात्र जो असामाजिक कार्य करते पाये जाते है उन्हें हटाने, बस की लचर व्यवस्था को सुधार करने सहित विद्यालय में मूलभूत सुधार हेतु कई शिकायत एवं सुझाव दी गयी। बहुत सारी समस्याओं का हल उपस्थित लोगों द्वारा ही बताया गया। प्रिंसिपल आर सचदेवा ने मौके पर ही अभिभावकों की अधिकांश शिकायतों का निबटारा किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार के सहयोग से विद्यालय को नये मुकाम तक लेकर जाना है। प्रिंसिपल के ऊर्जावान वचनों से अभिभावकों में भी एक नयी आश जगी है जो कहीं न कहीं धूमिल होती जा रही थी। मौके पर ही शिक्षक शौकत अली ने कहा शायराना अंदाज में कहा सभी का सहयोग रहा तो छात्र हित मे हम अपनी जान लगा देंगे। बैठक का संचालन प्रवीण पांडे जबकि धन्यवाद ज्ञापन खुद प्रिंसिपल ने किया। इस मौके पर कृष्णा रावत,सुरेश गुप्ता,जी प्रसाद, प्रियंका गुप्ता, जयंत चौबे, मुकेश शुक्ला, संजय गुप्ता, सुरेंद्र रावत सहित दर्जनों अभिभावक एवं स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

### पाल महासंघ का 11वां अधिवेशन सह सम्मेलन संपन्न

# गड़ेरिया समाज को हथियार की जरूरत : राष्ट्रीय अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढवा।** जिले में पाल महासंघ का 11 वां अधिवेशन सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा के शैतान सिंह पाल, विशिष्ट अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, समाजसेवी राकेश पाल, पाल महासंघ गढ़वा के अध्यक्ष सुधीर पाल, रामानुज पाल, रमेश पाल, सुखबीर पाल एवं मंचासीन सभी ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। मध्यप्रदेश से आये मुख्य अतिथि शैतान सिंह पाल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहां की हमारे समाज के लोगों को हमेशा डराया एवं धमकाया गया है। हमारे समाज को एकजुटता के साथ मजबूती एवं बलपूर्वक लोगों का सामना करना होगा। हमारे समाज में बीते दिनों भेड़ की चोरी के साथ ही चरवाहों को भी मार दिया गया था । उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटना को अंजाम देने वाले लोगों पर प्रशासन के द्वारा दंडित किया जाय। इस घटना में उस परिजन को आर्थिक सहयोग पहुंचाया जाये। ताकि जिसका बेटा, जिसका पति का मौत हुई है उस परिवार वालों को मुश्किलों का सामना ना करना पड़े। पल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल ने कहा कि हमारे समाज गडरिया समाज जंगल मे रह कर अपने रोजी रोजगार चलाने के लिए भीड़ चराते हैं। जिन्हें हमेशा अपनी जान का खतरा बना रहता है। इसके लिए सरकार ऐसे परिवार वालों को हथियार निर्गत कराएं। ताकि लोग इससे भयभीत रहे और गड़ेरिया समाज के साथ ऐसी घटना को अंजाम न दे । उन्होंने कहा कि गढ़वा में सामूहिक विवाह का आयोजन के साथ ही जिले में अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित हो । साथ ही पाल समाज का राज्य स्तर पर एवं जिले में अपना भवन हो जहां पाल समाज कार्यक्रम सफल करा सके।



### प्रतिमा की स्थापना की गयी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पाल समाज ने एकजुटता के साथ मेरा समर्थन किया था और मैं विधायक बना जिसके बाद राज्य सरकार ने मुझे उसका भी समझा और आज मैं मंत्री पद पर हूं। आप सभी पाल समाज का मेरे ऊपर बहुत बड़ा ऋण है। आप लोगों ने जो इतनी छोटी चीज की मांग की है। जिसे मैं अवश्य पूरा करूंगा। मेरे द्वारा कपूर्री ठाकुर का आदम कद प्रतिमा का भी स्थापना किया गया जिसका अनावरण भी मैंने किया जिले में इतने राजनीतिक दल के नेता आए और गए किंतु किसी ने भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा का स्थापना जिले में नहीं किया। मैंने 15 करोड़ की लागत से कल्याणपुर स्थित भगवान बिरसा मुंडा पार्क का निर्माण एवं प्रतिमा स्थापना का शिलान्यास किया। जिसका कार्य प्रगति पर है आप सभी पाल महासंघ के लोगों को यह बता दो कि मेरे निजी कोष से बहुत जल्द जिले में अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। साथ ही बाजार समिति कंबल बिक्री शेड का भी निर्माण करवाया जायेगा। कंबल का बिक्री कर सकेंगे जबकि वही समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि पाल महासंघ का 11 वां अधिवेशन सह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं पाल महासंघ के सभी अधिकारियों का मैं धन्यवाद करता हूं। जिन्होंने इस सम्मेलन में अपना बहुमूल्य समय देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया एवं पाल महासंघ के लोगों को समाज के प्रति एकजुटता एवं मजबूती के साथ आगे बढ़ने के लिए अपने अपने विचारों से अवगत कराया। मौके पर बुद्धदेव पाल अजय पाल सुरेंद्र पाल भोला पाल कैलाश पाल राम सागर पाल रामदेव पाल आदि सैकड़ों की संख्या में पाल समाज के महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को मेराल प्रखंड सभागार में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी 20 पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी वीणा कुमारी ने कहा कि विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को कानूनी न्याय के साथ साथ सामाजिक एवं आर्थिक न्याय भी दिलाना है। इसके तहत एसटी, एससी, ओबीसी एवं दलित वर्ग के कमजोर लोगों को कानूनी मदद की जा रही है। उन्होंने कहा न्याय का मतलब सिर्फ कोर्ट रूम में दो पक्षों के बीच मुकदमे में फैसला सुनाना ही नहीं है। असली न्याय तो वंचित और शोषित पीड़ितों को सरकार की लाभकारी योजना से अच्छादित कर उन्हें उनका हक और अधिकार दिलाना है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से लीगल वालंटियर से कानूनी सलाहकार लेने के लिए जागरूक किया। वही अधिवक्ता अनीता रंजन ने लोगों को कानूनी कई जानकारियां दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में रोजगार सृजन के लिए दर्जनों लोगों का जॉब कार्ड बनाया गया साथ ही मनरेगा से एक बिरसा हरित बागवानी की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा पीएम आवास, एक जल मीनार तथा एक पीसीसी पथ की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं बाल विकास परियोजना द्वारा तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस दौरान सेविका सहायकों द्वारा मंगल गीत गाकर गर्भवती महिलाओं का हौसला बढ़ाया तथा पोषण के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही दिव्यांग लोगो के बीच 4 व्हीलचेयर, 20 ट्राई साइकिल का वितरण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुअनि अजीत कुमार, लीगल वालंटियर जहूर अंसारी, रौशन आरा, डीपीआरओ बसंत पांडे, प्रभारी कृषि पदाधिकारी सतीश सिंह मुखिया रामसागर महतो, गौरी देवी, संजय राम, मुखिया पति मुन्ना राम, सुरेंद्र गोस्वामी, धर्मराज भारती, हरेंद्र चौधरी, दिलजान अंसारी, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, सहायक रिजवान, रामजी राम, अभिषेक सिंह, रामनाथ चौधरी, राजेंद्र राम मंजय तिवारी, महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों से मिल रहा है स्थानीय लोगों को लाभ : डॉ कुलदेव



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** चौधरी जेनरल हॉस्पिटल गढ़वा में सवेरा कैंसर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पटना के सुप्रसिद्ध हृदय, मधुमेह, नस एवं लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ पीके वर्मा एवं अवेटा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, रांची के आइवीएफ स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉ रूपाश्री पुरुषोत्तम ने स्थानीय लोगों को विभिन्न बीमारियों के बारे में परामर्श दिया। डॉ वर्मा ने कहा कि ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन, इसीजी, वजन आदि नियमित रूप से जांच करवाते रहें, ताकि आपके शरीर की स्थिति का पता चलता रहे। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली के लिए नियमित व्यायाम, संयमित खानपान, नियंत्रित भागदौड़ की जिंदगी को गंभीरता से लेने की जरूरत है, तभी आप मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। वही डॉ रुपाश्री ने कहा कि बहुत ऐसे दंपति हैं जो कई कारणों से माता-पिता नहीं बन पा रहे हैं। उनके लिए अवेटा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर वरदान साबित हो रहा है। गढ़वा जिले में सैकड़ों लोगों का इलाज चल रहा है। कई लोग लाभांवित भी हो चुके हैं और जो बच्चे को लेकर निराश रहते थे उनका सपना भी पूरा हो रहा है। हॉस्पिटल संस्थापक डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि राँची और पटना से विशेषज्ञ चिकित्सकों को यहां आकर सेवा देने से स्थानीय लोगों को काफी फायदा मिल रहा है। प्रत्येक महीने मरीज अपने घर के पास ही सेवा लें, ज्यादा भागदौड़ न करना पड़े, इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूं। मौके पर रूपेश पांडेय, मदन प्रसाद, एएनएम संजू कुमारी, पूनम कुमारी, सीमा कुमारी, लैब टेक्नीशियन पंकज कुमार गुप्ता, प्रतिमा कुमारी, बिस्मिल्ला अंसारी, फैयाज अंसारी, संजय धर दुबे, शिवकुमार दुदुन आदि उपस्थित थे।

## शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा में कक्षा 6 से कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच कक्षावार शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन आज आरकेभीएस रेहला रोड के सभागार में किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों को महत्व देने व खेल के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करने व उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए स्कूल हमेशा से प्रयासरत है। आज जहां बच्चे ऑनलाइन गेम के अभ्यस्त होकर शारीरिक व मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं, ऐसे में इस तरह की प्रतियोगिताएं उन्हें जीवन जीने की कला सीखाती है।खेल में मिले हार व जीत उन्हें जीवन के सुख-दुख में सामंजस्य स्थापित करने की सीख देती है। शतरंज दिमागी कसरत है जो हमारी एकाग्रता अर्थात फोकस को बढ़ाता है।यह खेल जीवन में फैसले लेने की क्षमता को बढ़ाता है। **परिणाम:** कक्षा 6 के फाइनल में 6(ए) की शिवांगी पाठक ने कक्षा 6(सी) की अक्षरा सिकरवार को और कक्षा 6(सी) के गुरुशरण ने कक्षा 6(बी) के रुद्र प्रताप सिंह को पराजित किया। कक्षा 7 के फाइनल मुकाबले में कक्षा 7(डी) के शिवम कुमार पासवान ने कक्षा 7(सी) के सौरभ राज को पराजित किया। कक्षा 8 के फाइनल मैच में 8(ए) के संस्कार चौबे ने कक्षा 8(डी) के भारतेन्दु राज और लड़कियों में कक्षा 8(ए) की श्वेता शर्मा ने कक्षा 8(सी) की साक्षी कुमारी को पराजित कर विजेता बनी। निर्णायक के रूप में स्कूल के शिक्षक इम्तियाज खान एवं आशीष कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## कमांडर पलटने से दो की मौत, छह घायल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर भोजपुर मोड़ के पास कमांडर पलटने से दो लोग की मौत हो गई है। जबकि इस घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो है । मृतक मझिआंव थाना क्षेत्र के बोदरा गांव निवासी बिलेटन राम का पुत्र सबरू राम 55 वर्ष, पलामू जिला के रेहला थाना क्षेत्र के सुलदाग गांव निवासी बलराम राम का पुत्र नाथूराम 50 वर्ष का नाम शामिल है। वहीं इस घटना में घायल पांडू थाना क्षेत्र के झरना कला गांव निवासी रघुनाथ राम 55 वर्ष पांडू थाना क्षेत्र के झरना कला गांव निवासी रघुनाथ राम, मझिआंव थाना के खरसोता गांव निवासी अखिलेश राम, अक्षय कुमार, व बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कटहर कला निवासी नागेंद्र चंद्रवंशी की पुत्री बेबी कुमारी 8 वर्ष पांडू थाना क्षेत्र के झरना कला निवासी विजय राम की पुत्री अंशु कुमार 8 वर्ष बलराम का पुत्र राजू राम का नाम शामिल है। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि यह लोग एक कमांडर पर सवार होकर पांडू थाना क्षेत्र के झरना गांव से बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कटहल कला गांव एक तिलक कार्यक्रम में जा रहा थे। उसी बीच भोजपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर कमांडर पलट गई। जिसमें सभी लोग घायल हो गए। इधर पुलिस ने मृत दोनों व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना है।

### स्थानीय टीडीएम कॉलेज में मन की बात को सुना गया

# मन की बात का 100वां एपिसोड होना गर्व की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय टीडीएम कॉलेज में बूथ संख्या 257 के प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी शारदा महेश प्रताप देव के नेतृत्व में लोगों ने प्रधानमंत्री के द्वारा की गई मन की बात को सुना। मौके पर शारदा महेश प्रताप देव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आम लोगों से जुड़ने का कार्यक्रम है मन की बात। आम लोगों के विचारों को सुनने एवं उस पर अमल कर समृद्ध भारत का निर्माण में लगे है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिणाम स्वरुप गांवो में आज विकास की गंगा बह रहा है। परिणाम स्वरूप आम अवाम को आवास, सड़क, बिजली पानी, स्वास्थ्य की सुविधा, घर-घर पहुंचाई गई है ।भारत समृद्ध राष्ट्र बन रहा है उन्होंने बताया कि मन की बात भारत के कोने कोने में सुना जाता है लोगों का प्रेम प्रधानमंत्री के साथ इस प्रकार से बना हुआ है कि मन की बात को लोग बड़े ध्यान से सुनते हैं और अपने विचारों को प्रधानमंत्री तक पहुंचाते हैं। प्रधानमंत्री के विचारों को स्वयं सुनते हैं। आज मन की बात 100 वा एपिसोड पूरा करते हुए विश्व में भी परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री के द्वारा मन की बात का 100 वा एपिसोड होना गर्व की बात है। मौके राजेश्वर सिंह, धनंजय सिंह, राणा प्रताप देव,टूटू सिंह,आशीष शुक्ला,अमरेश यादव, अमित कुमार सिंह, शैलेंद्र देव, रामपावन पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### मन की बात कार्यक्रम को नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सुना

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सुना। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से देश की संस्कृति मनोभाव झलकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में घर परिवार युवा किसान सभ्यता संस्कृति को देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का 100वां भाग पूरा होना बड़ी बात है देश विदेश हर जगह लोग मन की बात कार्यक्रम को बड़े उत्साह के साथ सपरिवार बैठकर सुनते हैं मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण का प्रसारण संयुक्त राष्ट्र में भी देखा गया जो भारत के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम पुरे गढ़वा जिला के सभी मंडल में बुथ स्तर पर सुना गया। हर बुथ पर 100वां मन की बात कार्यक्रम को हर प्रत्येक बूथ स्तर पर सैकड़ों लोगों ने सुना। कार्यक्रम की सफलता के लिए मंडल प्रभारी भी बनाए गए थे। भाजपा जिला कार्यालय में बुथ संख्या 117, 118, 119, एवं 121 के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व सांसद बृजमोहन राम भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे, जिला कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता, मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेंद्र पाठक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, विजय केशरी, अरविंद धर दुबे, अविनाश पासवान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अनवर साह, कंचन जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, कुमार गौरव, बंधु राम, मीरा यादव, रामकुमार उपाध्याय, राजेंद्र चंद्रवंशी, सोनु चंद्रवंशी, अमीरचंद बैठा, गोपाल बैठा, शंभू रजक, रंजीत महतो, किस्मती कुंवर, बालो देवी, सुकनी देवी, सरस्वती देवी सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## खूंटी जिले के 200 बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

# प्रधानमंत्री अपने मन की नहीं, देश के जन की बात करते हैं : कड़िया मुंडा

**भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने जमुवादाग में सुनी पीएम के मन की बात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड के प्रसारण को सैकड़ों स्थानों पर भाजपा कर्याकर्ताओं ने लोगों के साथ मिलकर सुना। पद्मभूषण कड़िया मुंडा, खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा सहित हजारों नेताओं-कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और आठ बार खूंटी के सांसद रहे कड़िया मुंडा ने बाबा आम्रेश्वर धाम में मन की बात कार्यक्रम को वयोवृद्ध भाजपा नेता मुनीनाथ मिश्रा, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, पुरोहित सच्चिदानंद शर्मा, सत्यजीत कुंडू सहित कई कार्यकर्ताओं के साथ सुना। पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देश के हर वर्ग द्वारा जो राष्ट्रनिर्माण के कार्य हुए हैं, उनका प्रोत्साहन किया और पूरे भारत में उनके कार्यों को पहुंचाने का अद्भुत प्रयास किया है। कड़िया मुंडा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं, बल्कि देश के जन की बात है। करोड़ों लोग प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को पिछले नौ वर्षों से सुनते आए हैं और उन्हें इससे काफी प्रेरणा मिली। लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यकम देश के विकास में काफी सहायक होगा। उन्होंने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं, बल्कि जन की बात है, जहां समाज की आवाज और देश के विकास की बात की जाती है। इसमें किसी प्रकार की राजनीति वाली बात नहीं होती है। कड़िया मुंडा ने कहा कि देश के कोने - कोने से लोग सीधे प्रधानमंत्री मोदी से बात करते हैं। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होने से लोगों में जागरूकता आ रही है। स्वावलंबन की दृष्टिकोण से विकास हो रहा है। लोग आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर भाजपा तोरपा मंडल महामंत्री विनोद धान, उर्मिला देवी आदि मौजूद थे।



लोगों के साथ मिलकर मन की बात का 100वां एपिसोड को सुनते पद्मभूणण कड़िया मुंडा।

## देश ही नहीं, विदेशों में भी हो रही है मन की बात कार्यक्रम की प्रशंसा: कोचे मुंडा



**तोरपा (आजाद सिपाही)।** तोरपा विधानसभा के 100 बूथों पर रविवार को भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 100वां प्रसारण देखा। प्रसारण देखने के लिए काफी संख्या में गांव की महिला-पुरुष और विद्यार्थी विभिन्न जगहों पर पहुंचे थे। तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने अपने पैतृक गांव तोरपा प्रखंड के ममरला गांव में अपनी पत्नी मोनिका देवी और गांव के सैकड़ों लोगों के साथ सीधा प्रसारण देखा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम अपने आप में ऐतिहासिक है। 100वें एपिसोड का सीधा प्रसारण ने सिर्फ देश के करोड़ों लोगों ने ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी लाखों लोगों ने देखा। यह एक विश्व रिकॉर्ड है। कहा कि मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज भारत सहित दुनिया के 14 देशों में हो रहा है। इस कार्यक्रम के तहत स्वरोजगार योजना से जुड़े लोगों महिलाओं की उपलब्धियों के बारे मे विशेष जानकारी प्राप्त होती है। मन की बात के हर एपिसोड में देश के किसी विशेष व्यक्ति, महिलाओं के बारे में हम सभी को जानकारी प्राप्त होती है। इस मौके पर घासीराय धान, मोजिब अंसारी, दोटन भेंगरा, बिरसा भेंगरा, पाऊ पाहन, एतवा पाहन, हिंगुवा गुड़िया, छेदन गुड़िया, एतवा पांढ़, सोमा पाहन, दशरथ पाहन, टेटम पाहन, मोंगला गुड़िया, बारकुली पंचायत की मुखिया प्रतिमा तिड़ू आदि उपस्थित थे।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए सरना समाज के दर्जनों युवा




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** गरीब, असहाय और बेसहारा आदिवासी बच्चों के मानसिक विकास के लिए अखिल भारतीय सरना समाज के सौजन्य से रविवार को तोरपा प्रखंड के ममरला गांव से शैक्षणिक भ्रमण के लिए ममरला सहित कई गांवों के सरना समाज के युवाओं को ऐतिहासिक स्थलों के लिए रवाना किया गया। सरना समाज के घासीराय धान मुंडा के नेतृत्व में तोरपा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से कई बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए भेजा गया। घासीराय मुंडा ने कहा कि पहली बार सरना आदिवासी बच्चे पूरी उत्सुकता के साथ शैक्षणिक भ्रमण का आनंद उठाने के लिए कई शिक्षण संस्थानों का भ्रमण करेंगे। बच्चों को पढ़ाई के अलावा देश-दुनिया के बारे में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में स्कूली पढ़ाई के दौरान किए गए शैक्षणिक भ्रमण बच्चों को हमेशा स्कूली जीवन की याद दिलाती है। अगर अचानक अनजान जगहों के बारे में सुनेंगे, तो जल्द समझ में नहीं आएगा, लेकिन जब उस स्थान को देख लेते हैं, तो बच्चों के मन वह बात जल्दी बैठ जाती है और यह उनके मानसिक विकास में सहायक होता है। इस मौके पर छोटन भेंगरा, बिरसा भेंगरा, पाऊ पाहन, एतवा पाहन, हिंगुवा गुड़िया, छेदन गुड़िया, एतवा पांड़, सोमा पाहन, दशरथ पाहन, टेटम पाहन, मोंगला गुड़िया और बारकुली पंचायत की मुखिया प्रतिमा तिडू आदि उपस्थित थे।

## तमाड़ में लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** मंडल में बड़ी संख्या में लोगों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण का लाइव प्रसारण देखा-सुना। तमाड़ मंडल के दर्जनों बूथ पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिउड़ी मंदिर परिसर, रायडीह राधारानी मंदिर, ग्राम संगठन महिला समुह नुरीडीह खखसीडीह आदि शामिल है। सैकड़ों महिलाओं ने मन की बात कार्यक्रम सुनकर पीएम मोदी से प्रेरणा ली। वहीं बादला, बारेडीह, तमाड़, उलिलोहर, जानुमपीडी. आदि शक्ति केंद्र के साथ ही दर्जनों बूथों पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित हुआ। खखसीडीह में सैकड़ों महिलाओं ने मन की बात कार्यक्रम सुन भाव विभोर हो गयी। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, शंकर सोनार, अरुण शांडिल्य, कार्तिक सिंह मुंडा, हरि सिंह मुंडा, मदन सिंह मुंडा, जय सिंह मुंडा, वीरेंद्र प्रमाणिक, नंदिता देवी, सावित्री देवी, गीता देवी, सोनामनी देवी, पार्वती देवी, कैकयी देवी, सत्यनारायण मुंडा, दिनेश साहू आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## विभिन्न जगहों पर सुनी गया पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां प्रसारण

**बुंडू (आजद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण का सीधा प्रसारण बुंडू के विभिन्न जगहों पर रविवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा ग्रामीण एवं नगर के विभिन्न बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर देखा गया। इन बूथों पर कपिल महतो, बंटी चौधरी, विवेकानंद जयसवाल, रिद्धि राज, जीतू महतो, राकेश भगत आदि थे।

## प्रधानमंत्री के मन की बात अब बन गया है जन आंदोलन कार्यक्रम : विनय

### सिल्ली में 100 जगहों पर सुनी गयी पीएम के मन की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** नौ साल पहले तीन अक्टूबर 2014 को विजयादशमी के दिन शुरू हुआ पीएम मोदी के मन की बात का ऐतिहासिक सफर अपने 100 वें पड़ाव पर पहुंच गया। यह शतक सबूत है मोदीजी और देश की जनता के बीच मजबूत जुड़ाव और लगाव का। उक्त बातें भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कही। वे रविवार को अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से सदैव प्रेरणा मिलती है। यह कार्यक्रम अब जन आंदोलन बन गया है। लोगों के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला रहा है। प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में देश की नारी शक्ति की सैकड़ों प्रेरणादायी गाथाओं का जिक्र किए। प्रधानमंत्री ने चर्चा किए कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत मैंने हरियाणा से की थी, जो जल्द ही वैश्विक हो गया। मन की बात के दौरान किए गए चर्चा के ऐसे कई उदाहरण हैं जो लोगों को बहुत प्रभावित किया। उनका यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज के आवास पर किया गया था। जहां बूथ संख्या 146 एवं 147 के लोग शामिल हुए। सफल 100 वें संस्करण पूर्ण होने की खुशी में केक भी काटा गया। यह कार्यक्रम सिल्ली विधानसभा में 100 विभिन्न स्थानों पर सुना गया जो अपने आप में ऐतिहासिक है। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, वरिष्ठ भाजपा नेता पशुपति नाथ महतो, मेघनाथ महतो, दुर्लभ महतो, बोधनाथ महतो, गिरिधर महतो,विपतारण महतो, रामेश्वर महतो, किरीटी कुमार महतो, जन्मेंजय महतो, किशोर, निखिल, फनीभूषण, पंकज, यशपाल, सूरज शेखर आदि मौजूद थे।

### बुंडू में जगह-जगह आयोजित हुआ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम

**बुंडू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण का सीधा प्रसारण देखने-सुनने के लिए बुंडू के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विवेकानंद जयसवाल, ग्रामीण जिला प्रभारी रिद्धि राज, बुंडू ग्रामीण अध्यक्ष जीतू महतो, बूथ संख्या 80 के अध्यक्ष राकेश भगत के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा 250 खिलाड़ियों के साथ टीटीसी मैदान में सभी एकत्रित हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100 वां एपिसोड सुने। उधर, बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास नेतृत्व में बुंडू नगर के सभी 22 बूथों और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष धीरेन महतो के नेतृत्व में लगभग 45 बूथों पर सैकड़ों लोगों ने पीएम मोदी के मन की बात को सुना। बुंडू के काली मंदिर परिसर में भाजपा बुंडू नगर मंडल के अध्यक्ष आलोक दास के नेतृत्व में बूथ नंबर 78 के लोगों ने मन की बात को सुना।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयोजित किया जन-जन की बात कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** एक ओर जहां रविवार को भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वें एपिसोड का सीधा प्रसारण देख रहे थे, वहीं दूसरी ओर युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता स्थानीय भगत सिंह चौक में जन-जन की बात कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अरुण संगा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि आखिर कब तक महंगाई ऐसे ही बढ़ती रहेगी। युवा कब तक बेरोजगार होते रहेंगे। संगा ने कहा कि आखिर चुनाव का समय आते ही हमारे जवानों पर आतंकी हमले क्यों होते हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव वेद प्रकाश प्रकाश मिश्रा, 20 सूत्री सदस्य मो सोहैल, पूर्व प्रवक्ता मो शाहिद, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मो उस्मान, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष मो नौशाद, बहा मुंडा, दशरथ, बहालेन, गुरुदेव संगा, महेश संगा, आफताब आलम, कैफी, गुड्डू, राजू, आशीष सहित युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिल्ली पहुंचे आरएसएस के जिला कार्यवाहक डॉ सुनील कुमार महतो

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सिल्ली खंड की ओर से रविवार को राधिका मैदान परिसर में स्कूली बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच कई प्रतियोगिता कराई गई। खेल में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार भी दिए गए। जिला कार्यवाह डॉ सुनील कुमार महतो ने बाल स्वयंसेवकों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया। राधिका मैदान परिसर में संघ के स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान कई फलदार व छायादार वृक्ष भी लगाए। जिला कार्यवाह डॉ सुनील कुमार महतो ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में स्वयंसेवकों के चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया जाता है। संघ की ओर से स्वंयसेवकों में देश प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से कई प्रकार के कार्यक्रम नियमित आयोजित किए जाते है। इससे पूर्व संघ के अधिकारी ने सिल्ली और मुरी में स्वयंसेवकों के साथ बैठक किया। इस मौके पर खंड कार्यवाह विष्णु गिरि, व्यवस्था प्रमुख रत्नेश प्रसाद, चंदन लोहार, महेश विश्वकर्मा और कौशिक सरकार आदि मौजूद थे।

## शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करेगा मिशन बदलाव : भूषण भगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मिशन बदलाव की बैठक रविवार को श्योर सक्सेस कोचिंग संस्थान में आयोजित की गई। जिसमें मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत द्वारा मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त सामाजिक समस्याओं और कुरीतियों को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर बिना किसी भेदभाव के काम किया जाएगा। साथ ही मिशन बदलाव द्वारा मुरहू में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र पर भी कार्य किया जाएगा। बैठक को अविनाश कौशल और जय मंगल गुड़िया ने भी संबोधित किया और संस्था के उद्देश्यों का पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में मुरहू प्रखंड कमेटी का गठन कर इसका विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर शशि कला देवी, सिंनी गोप, विक्की साबू, तनवीर खान, पंकज भगत, दीपक गुप्ता, निरंजन भगत, भुनेश्वर मांझी, भोलू गुप्ता, जलेश्वर महतो, जगन्नाथ भगत, शिवकुमार, प्रेम भगत, सुधीर भगत और कोचिंग संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मुखिया संघ की बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सोमरा मांझी ने की। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गयी। इसके बाद बैठक में शामिल प्रखंड के सभी मुखिया ने विकास कार्य योजना में अधिकारियों एवं प्रखंड कर्मियों के गलत निति पर तीव्र निंदा करते हुए सर्व सम्मति से निर्णय लिया की ग्राम सभा में चयनित योजनाओं को पंचायती राज अधिनियम के अनुसार हो रहे कार्यों में प्रशासनिक स्तर पर रुकावट नहीं होनी चाहिए। वहीं अंचलाधिकारी के पदस्थापन नहीं होने पर भूमि की समस्या ससमय निष्पादन नहीं होने से पंचायत में कानून व्यवस्था खराब हो रही है। बैठक के बाद सात सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रखंड में स्वीकृत किए गए वेंडरों को मुखिया संघ से भी अनुमोदन लेने, संगठन के एक तिहाई सदस्यों का हस्ताक्षर कर स्वीकृत करने, 15 वें वित्त आयोग एवं मनरेगा का अभिलेख किसी गैर अधिकारी के पास पृष्ठ की समीक्षा के लिए ना भेजने, 15वें वित्त आयोग समेत पंचायत स्तरीय सभी तरह का भुगतान पंचायत सचिवालय में करने, राशन डीलर द्वारा कार्ड धारी लाभुकों का अनाज कटौती बंद करने, प्रखंड क्षेत्र में बालू खनन एवं आपूर्ति अविलंब बंद करने, अंचल कार्यालय में रिक्त अंचल अधकारी के पद पर अविलंब सीओ को पदस्थापन करने एवं मनरेगा का कार्य प्रखंड स्तर में मनमानी ढंग से बंद करना आदि शामिल है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि स्थानीय विधायक, रांची डीसी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं एवं पंचायती राज निदेशक को भी देने की बात कही गई। इस मौके पर मुखिया सीमा कुमारी गोंझू, भरत मुंडा, लालू उरांव, रेखा देवी, माया देवी, सोमवारी देवी, शर्मिला कुमारी, हरिपद मांझी, सावन देवी, श्रवण जीत मुंडा, जितनी देवी, सरिता सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे। वहीं, बीडीओ पावन आशीष लकड़ा से बूछे जाने पर बताया कि मुखिया संघ द्वारा सात सूत्री ज्ञापन सौंपा गया है। जांच कर जल्द ही उत्पन्न हो रही समस्याओं को दूर किया जायेगा।

### नाराजगी : किसानों को अब तक नहीं मिला बेचे गये धान का मूल्य

## धान क्रय का जल्द भुगतान नहीं हुआ तो भारतीय किसान संघ करेगा आंदोलन: प्रकाश नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कर्रा।** भारतीय किसान संघ के क्षेत्र संगठन मंत्री प्रकाश नारायण तिवारी ने संगठन के अन्य पद धारियों के साथ रविवार को कर्रा प्रखंड के कुदलूम, कर्रा, लोधमा, गोविन्दपुर सहित अन्य कई गांवों का दौरा किया। अधिकारियों ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी जी। किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा खोले गए धान क्रय केंद्र में किसानों ने जो अपने धान बेचे हैं, उसका भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। किसानों का कहना है कि धान बेचे हुए तीन-चार महीने बीत गए, लेकिन अब तक किसानों को पूरा पैसे नहीं मिला है। किसानों ने कहा कि कुछ ही दिनों में खेती बारी का समय आ जाएगा, ऐसी स्थिति में किसानों के पास आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाएगी। झारखंड सरकार द्वारा पचास हजार रुपये कृषि लोन माफ किया गया है। कुछ किसानों को इसका लाभ मिला है, लेकिन अब भी बहुत से किसान इससे वंचित हैं। किसानों की समस्या सुनने के बाद संगठन मंत्री प्रकाश नारायण तिवारी ने कहा कि कमावेश पूरे राज्य के धान क्रय केंद्रों की स्थिति यही है। खेती का समय नजदीक आ चुका है। भुगतान नहीं होने से किसानों का आक्रोश देखकर प्रकाश नारायण तिवारी ने कहा कि जल्द धान क्रय का भुगतान नहीं किया गया, तो भारतीय किसान संघ इसके खिलाफ आंदोलन करेगा। इस मौके पर झारखंड प्रांत प्रदेश महामंत्री मनधीरन महतो, खूंटी जिला अध्यक्ष घूरन महतो, जिला संरक्षक विनोद प्रसाद सोनी, प्रकाश गुप्ता, विष्णु प्रसाद सोनी आदि मौजूद थे।



किसानों की समस्याओं को अवगत होते भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि।

## हरिनाम कीर्तन के सातवें दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के प्रसिद्ध नवरात्रि मेला सह हरि नाम कीर्तन में रविवार को सातवें दिन भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त सुबह से ही स्नान कर अच्छे वस्त्र पहनकर पूजा करने मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतार में खड़े हो गए थे। वहीं, पूजा को लेकर श्रीश्री राधा रानी मेरा समिति की ओर से विशेष व्यवस्था की गई थी। मंदिर परिसर में 24 घंटे कीर्तन दल द्वारा हरि नाम संकीर्तन सह हरि जाप चलता रहता है। इधर मौसी बाड़ी मंदिर परिसर में लोग परिवार के साथ मेला घूमने पहुंचे थे। मेला परिसर में सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी। साथ ही श्रीश्री मौसी बाड़ी मंदिर परिसर में सीसीटीवी से भी नजर रखी जा रही है।

## तुको मंडा पूजा में पड़हा निशान हाथी और घोड़ा से निकली शोभायात्रा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुको गांव में रविवार को झूलन सह पड़हा जतरा की शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा संपन्न हो गया। जहां झूलन के दौरान शिवभक्तों द्वारा आस्था के फूल बरसाये गये। जिसे पाने के लिए हर कोई लालायित थे। साथ ही पड़हा जतरा में ग्रामीणों ने पड़हा निशान लकड़ी के बने हाथी, घोड़ा, झंडा, ढोल, ढाक, मांदर नगाड़ा के साथ एक शोभायात्रा निकाली। जो मंदिर की परिक्रमा करने के बाद एक समारोह में बदल गया। इसके पूर्व शनिवार की रात्रि धुंआसी, लोटन सेवा के बाद शिव भक्तों ने हर-हर महादेव के गगन चुंभी जयघोषो के बीच फुलकुंदी का अनुष्ठान संपन्न किया। वहीं रात्रि में मंडा पूजा समिति तुको द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। इसका लोगों ने पूरी रात लुत्फ उठाया। वहीं पुजारी युगल दास गोस्वामी की अगुवाई में पाठ भोक्ता वरुण महतो ने पूरे विधि -विधान के साथ पूजा अर्चना संपन्न किया। जिसमें 45 पुरुष भोक्ता और 45 महिला सोकत्ताइनों ने भाग लिया। शोभायात्रा एवं परंपरागत नाच गान समारोह का आकर्षण रहा। वहीं समारोह को सफल बनाने में महासमिति के गोवर्धन बैठा, शक्ति राम, मनीष राम, बाल किशुन मोची, बलराम सिंह,सतीश सिंह, सत्येंद्र साहू, योगेंद्र नाथ पांडे, शंभू बैठा, सुशील कुमार साहू उमेश लाल,महादेव मोची, गौतम ताम्रकार, कुलदीप साहू, प्रदीप साहू,विकास कुमार साहू, संदीप लाल, अभिषेक पांडेय, अमित पांडेय, भागवत ताम्रकार, आदित्य ताम्रकार, शाखो उरांव, मोहन उरांव, राजा लाल, प्रमोद बैठा, बड़का मोची, राजेश राम एवं विजय राम सहित सभी गांव के लोग सराहनीय योगदान दिया।

## महारैली को लेकर सभा का किया आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के जाजपूर गांव के अखड़ा में कई गांवों के ग्रामीण सरना आदिवासियों के बीच ऐतिहासिक डीलिस्टिंग महारैली को लेकर सभा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने नगड़ी प्रखंड के जाजपुर गांव के अखड़ा में उपस्थित आदिवासी समाज की बैठक में कहा कि हमें अपना हक और अधिकार के आगे आना होगा उन्होनें जो लोग आदिवासी होकर सरना धर्म और रूढ़ी परंपरा संस्कृति को जो लोग छोड़ चुके हैं वैसे लोगों को हर हाल में जनजाति की श्रेणी से बाहर कर जनजातियों के नाम पर मिलने वाला लाभ को बंद करायेगें। इस के तहत आगमी दिसंबर माह में रांची में ऐतिहासिक डीलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे झारखंड से लाखों की संख्या में जनजाति समाज के लोग भाग लेंगे। राजनैतिक से प्रेरित लोग हमें धर्मकोड के नाम पर भी उलझा कर लोग गुमराह कर रहे हैं, हमें और हमारे समाज को इनसे बचाने की जरूरत है। मौके पर सभा का मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन आदिवासी नेता सह युवा समाजसेवी हिन्दुवा उरांव ने किया। मौके पर झारखंड प्रदेश के संयोजक संदीप उरांव, मेघा उरांव, शनि टोप्पो, नीमा तिर्की, काली उरांव विकास उरांव, भान्दू पाहन, चारो तिकी, चमरू उरांव, शनिचरवा उरांव, आशा टोप्पो, प्रकाश उरांव, सुषमा रानी, बीना उरांव साजन मुण्डा बिरसा उरांव, संजय मुंडा सहित दर्जनों ग्रामवासी उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने होटल संचालक को किया घायल



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना क्षेत्र के सरसा जंगल के समीप जंगली हाथी ने सरसा निवासी होटल संचालक जंगु उरांव पिता स्वर्गीय भादे उराव को घायल कर दिया। घटना की सुचना पाकर पुर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की ने पहुंचकर भुक्तभोगी से मिला एवं विभाग से बातकर मुवावजा दिलाने की बात कहीं।

## अमन ग्रुप की ओर से ईद मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**रातू (आजाद सिपाही)।** फुटकलटोली में रविवार को अमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अमन ग्रुप के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी के आवासीय परिसर में आयोजित समारोह में दहेज प्रथा पर रोक लगाने, युवको में बढ़ते नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाने, बच्चो को अच्छी तालीम देने के लिए शिक्षा के प्रति जागरूक करने, छूटे हुये गांव में अंजुमन कमेटी का गठन करने, गांव की लड़ाई झगड़ों के अलावा अन्य मामले को अंजुमन के द्वारा निपटारा करने, गरीब एवं लाचार लोगों की मदद तथा इलाज की व्यवस्था करने व भारत मे चल रहे समलैंगिग संबंध की मान्यता का विरोध करने पर चर्चा किया गया। इस दौरान रातू अंजुमन कमेटी का पुनः गठन करने के लिए 13 मई को 27 गांव के अंजुमन कमेटी के सदर,सेकेट्री व खजांची के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर अताउल्लाह अंसारी, संचालन अमन राज व धन्यवाद ज्ञापन शमीम बड़ेहार ने किया। कार्यक्रम में अमन ग्रुप के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

### महिलौंग में सामूहिक रूप सुनी गयी प्रधानमंत्री की मन की बात

# पीएम समाज में परिवर्तन लाने का काम कर रहे है: प्रदीप वर्मा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के प्रसारण को नामकुम प्रखंड के कई क्षेत्रों में सामूहिक रुप से कार्यक्रम आयोजित कर सुना गया। छोटानागपुर सरना समिति के तत्वाधान में महिलौंग, कर्नल बिरेंद्र कुमार सिंह के नेतत्व में टाटीसिलवे सूर्य नगर भाजपा कार्यालय एवं चुटिया मंडल युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अशोक गोप के नेतृत्व में नामकुम गोप कांप्लेक्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में मन की बात का प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री का एक सौ एपिसोड था जो ऐतिहासिक था। देश की जनता आज मन की बात को बड़े ही उत्सुकता के साथ देखा और सुना। प्रधानमंत्री देश के अंदर जो मेहनत कर रहे है। उसे आज पूरा देश सराह रहा है। प्रदेश महामंत्री डां प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री समाज में परिवर्तन लाने का काम कर रहे है। शिक्षा, संस्कृति, स्वच्छ भारत अभियान, नारी शक्ति, रोजगार को बढ़ावा देने का काम कर रहे है। इस दौरान आये हुये सभी अतिथियों का अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खिजरी विधानसभा क्षेत्र से लगभग 3 हजार लोग शामिल हुए।



### मौके पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खिजरी पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, भाजपा नेता संजीत सिंह, समीर राय, बिरसा पाहन, रितेश उरांव, शंकर सिंह मुंडा, अमित कुमार मिश्रा, हलधर मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, राजेश टोप्पो, सुजाता कच्छप, जीतन देवी, मुक्तिनाथ मिश्रा, पुरुषोत्तम मिश्रा, नीता शर्मा, जोगिंदर महतो, विजय गुरुंग, विकास कुमार के साथ सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पीएम के मन की बात देश की जन-जन की बात है : डॉ अमर कुमार चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अमर कुमार चैधरी ने कहा कि पीएम के मन की बात ने कई सामाजिक बदलाव किए। प्रधानमंत्री जी का स्वच्छता आंदोलन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य, जल संरक्षण, समाज सुधार के काम आज आंदोलन का रूप धारण कर चुका है। वे रविवार को सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड के प्रसारण का कार्यकताओं के साथ श्रवण करते हुए बोल रहे थे। मन की बात कार्यक्रम में भाजपा के बुथ स्तरीय सैकड़ो कार्यकर्ता तथा आमजन शामिल हुए। डॉ चैधरी ने कहा कि मन की बात देश के जन-जन की बात है। मन की बात एक सामाजिक आंदोलन तथा जनक्रांति बन गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा देश और प्रदेश बदल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, संपन्न और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से अग्रसर हो रहा है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, देवनाथ महतो, सखीचंद महतो, ब्रजेश महतो, राजू कु महतो सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।



## घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात सहित नकदी की चोरी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़वारी गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने रणधीर महतो के घर में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लाखों के जेवरात सहित नकदी गायब कर दिए। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घूसे थे। चोरों ने घर के अंदर आलमीरा में रखे करीब सात लाख रुपए की सोना चांदी के जेवरात तथा 40 हजार रूपये नकदी गायब किये हैं। बताया गया कि घटना की रात रणधीर महतो परिवार सहित कहीं मेहमानी में गये हुए थे। रविवार की सुबह घर पहुंचे तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर प्रवेश करने पर आलमीरा टूटा हुआ तथा पूरा सामान बिखरा हुआ मिला। वहीं आलमीरा में रखे जेवरात और नकदी गायब थे। घटना की सूचना अनगड़ा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की।

## मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया

**नगड़ी के नगड़ी मंडल भाजपा के वरीय नेताओं सहित नगड़ी के ग्रामीण, मातृशक्ति माताओं और बहनों और दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले रविवार को नगड़ी के बुध नंबर-140 में स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रेडियो से प्रकाशित मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर नगड़ी के नगड़ी मंडल भाजपा के वरीय नेताओं सहित नगड़ी के ग्रामीण, मातृशक्ति माताओं और बहनों और दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने शांत मन से मन की बात कार्यक्रम का श्रावण किया। मन की बात कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण भगत, जन जाति मोर्चा कला संस्कृति विभाग के प्रभारी बिरसा मिंज, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, रांची जिला ग्रामीण युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य मनीष कुमार केसरी, नगड़ी के वरीय भाजपा नेता चुडामनी महतो, प्रेम सागर महतो, हेमंत केसरी, राजकुमार केसरी, गिरधारी गोप, दीपक केसरी विनोद चौधरी रघुवंश चौबे, भोला केसरी, बलराम सिह, रांची ग्रामीण जिला महिला उपाध्यक्ष शीला देवी, शांति चौधरी, संगीता चौधरी, अंजली देवी, चेतना केसरी, सीमा देवी,रेखा देवी, सुनीता देवी, वीणा देवी, ललिता देवी, आरती देवी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेड़ो में सांसद ने ग्रामीणों के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

# पीएम के मन की बात कार्यक्रम भारतीयों के लिए गर्व की बात है : सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम भारतीयों के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने पुरातात्विक विरासतों की जीर्णोद्धार के साथ साथ जनभावनाओं की कद्र करते हुए विकासशील योजनाओं के कार्यावयन को प्रमुखता से स्थान दिया है। यह बातें सांसद सुदर्शन भगत ने रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय बालक बेड़ो के परिसर में शक्ति केंद्र के बूथ नं 230,231व 232 प्रधानमंत्री के मन की बात का 100 वें संस्करण पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का प्रतिफल है कि पूरे भारत में चयनित 13 स्थानों पर झारखंड राज्य के गुमला जिला के नागवंशी राजाओं की राजधानी व विरासत नवरत्न गढ़ किला का जीर्णोद्धार किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को इसे देखा। सांसद ने कहा कि मन बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने सुदूर गांवों में रहनेवाले भारतीयों से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, तकनीकी, पुरातात्विक विरासतों, सिंचाई, स्वच्छता, रोजगार, सड़क व विभिन्न विकासशील योजनाओं की जानकारी लिया। साथ ही इसे मूर्त रूप प्रदान करने में प्रमुखता से स्थान दिया। वही जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने कहा जिस तरह हर महीने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नए नए विचार सुनने को मिलता है। उससे आम जनता को आत्म संतुष्टि महसूस होती है। लोगों को लगता है कोई है जो हमारे बारे में सोच रहा है।



### पौधरोपण के बाद इनकी देखरेख करना जरूरी

सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि हमारा देश विशेषताओं से भरा हुआ है। जिसे हम नहीं जान पाते है परंतु मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जब उसे बताया जाता है तो एक छोटे से बच्चों में भी उसे समीप जाकर देखने की इच्छा होती है। इस दौरान सांसद ने अपने द्वारा लगाये गये पौधे में पानी डाला। सांसद ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण के बाद इनकी देखरेख करना एवं बचाना अति आवश्यक है। तब तो पौधरोपण कार्यक्रम करने में सार्थकता है। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी,मोती साहू, तुलसी साहु,गणेश राम महथा, रंजन गुप्ता आदि ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय कुमार राय व धन्यवाद ज्ञापन लाल सत्य प्रकाश नाथ शाहदेव ने किया।

## पशु बांझपन निवारण सह स्वास्थ्य जांच-शिविर का किया गया आयोजन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत प्रखंड के कुल्ली भडरा गांव में पशु वांझपन निवारण सह स्वास्य जांच-शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अस्सी पभु पालकों के 300 से अधिक छोटे व बडे पशुओं का स्वास्थ जांच कर डीवर्मिंग, मिनरल मिक्सचर, केल्सियम सहित अन्य समान वाटे गये। शिविर मे इटकी से डॉक्टर शिवानंद काशी, बेड़ों से डॉक्टर नवीन आर्य, नगड़ी से डॉ अभिमन्यु के साथ सहायक के रूप में विजय महतो, सोहन कश्यप कमल साहू, सागर गोप, राजू गोप, मनोज महतो सहित काफी संख्याइ में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 100 जनसंघीयों के साथ सुनी पीएम के मन की बात, किया सम्मानित



**अनगड़ा।** प्रधान मंत्री के मन की बात के 100 वें एपिसोड के मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में 100 पुराने जनसंघीयों व भाजपा कार्यकताओं के साथ जशपुरिया बीएड सभागार में प्रधानमंत्री की बातें सुनी। इस मौके पर सिल्ली, राहे, सोनाहातू, अनगड़ा, ओरमांझी, सिकिदिरी, गेतलसूद समेत नामकुम के जनसंघ से जुड़े कार्यकर्ता व समाज सेवी शामिल हुए। मौके पर भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने 100 जनसंघ के कार्यकर्ता, वृद्ध महिला एवं पुरुष को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री के सफल नेतृत्व का भारत ही नहीं दुनिया के अन्य देश भी लोहा मानते है। इस मौके पर भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, उमेश बड़ाइक, कामेश्वर महतो, शंकर बैठा, उत्तम कुमार दास, लक्ष्मण सैनी, गुड्डु सिंह, सीताराम मुंडा, ब्रजकिशोर प्रसाद, विश्वनाथ महतो, जवाहर महतो, प्रो ललित महतो, हरिहर महतो, रामबृक्ष महतो, लक्ष्मण साहू, सिकंदर महतो, बालक महतो, गंधिया कारमाली, सलुवा करमाली, रामाशीष राय, बी मिश्रा, आनंद महतो, बिगेसर महतो, विक्रम बैठा आदि लोग उपस्थित थे। साल्हन बूथ में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा सहित 100 युवाओं के साथ मन की बात सुनी। मौके पर बूथ अध्यक्ष रामपद चौधरी, तीर्थराज चौधरी, सामु मुंडा, विजय महतो, अरविंद मुंडा, प्रवीण मुंडा, अनिल करमाली, सूरज नायक गोपाल मुंडा आदि उपस्थित थे।

## माउंटेन ब्लू ड्रिंकिंग वाटर फैक्ट्री का हुआ उद्घाटन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** चाडू पंचायत के डटमा गांव में रविवार को माउंटेन ब्लू ड्रिंकिंग वाटर फैक्ट्री का उद्घाटन युवा कांग्रेसी नेता अमाल खान एवं अर्पण सिंहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अमाल खान ने कहा कि क्षेत्र के लिए यह लाभदायक सिद्ध होगा। मौके पर शिव प्रकाश चंद्र सिंहा, रवि, राजवर्धन, प्रशांत सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पड़हा राजा के ब्रह्मभोज में शामिल हुए सन्नी टोप्पो

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिंद्री टंगरा टोली गांव में रविवार को 21 पड़हा राजा पेरो उरांव के ब्रह्मभोज में क्षेत्र के सैंकडों लोगों ने भाग लिया। इनका निधन रिम्स में इलाज के दौरान हो गया था।ब्रह्मभोज में शामिल भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने पड़हा राजा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर उन्होंने कहा पड़हा राजा के निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने पड़हा राजा की पत्नी पोको कुजुर, पुत्र बंधना कुजुर जीतू कुजुर,महादेव कुजुर,राम कुजूर, लक्ष्मण कुजुर बेटी जुबी, अंगनी व एतो को सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वाशन दिया। मौके पर महादेव कुजूर,अनमोल विनय तिर्की,नारायण महली, रमेश महतो, रंजन गुप्ता, बुदू बड़ाइक, पंकज उरांव सहित अन्य शामिल थे।

## जरिया मंडा आज, फुलखुंदी के बाद होगा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शिव मंडा पूजा महासमिति जरिया के तत्वावधान में सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान फुलखुंदी के बाद रात्रि जागरण का आयोजन किया गया है। फूलखुंदी के बाद रात 10 बजे से पायल म्यूजिक ग्रुप के द्वारा आधुनिक नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें आधुनिक नागपुरी गीतों के कलाकार पवन कुमार रॉय, नितेश कच्छप, सुमन गुप्ता, उड़ीसा के उर्मिला महतो की पूरी टीम व निशा कुमारी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी समिति के ब्रजेश महतो ने दी है।

## मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली बाइक रैली



**रातू (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के पूर्व संध्या पर रविवार की शाम बिल्डिंग लेबर कंस्ट्रक्शन यूनियन की ओर से काठीटांड से तिलता रिंग रोड तक बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान मजदूर दिवस पर सभी तरह के निर्माण कार्य बंद रखने की अपील की गई। 1 मई सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन की ओर से तिलता चौक से काठीटांड होते हुये फन कैशल पार्क तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमे हजारो की संख्या में मजदूर शामिल होंगे। फन कैशल पार्क स्थित सभा स्थल में सभा का आयोजन कर मजदूर की हक व अधिकार पर चर्चा किया जायेगा।

## उटारीरोड में इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को मिली स्वीकृति, जिला पार्षद अरविंद ने सांसद को दी बधाई



पलामू सांसद वीडी राम को बधाई देते जिला पार्षद अरविंद सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद का सराहनीय प्रयास लाया रंग। उटारी रोड़ और पांडू प्रखंड के लोगों की सहूलियत को देखते हुए सांसद वीडी राम ने रेल मंत्री से मिल कर रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव उटारी रोड़ और हैदरनगर स्टेशन ठहराव की मांग रखी थी। जिसे रेल मंत्री ने स्वीकृति दे दी है। अब उंटारी रोड स्टेशन पर भी इसका ठहराव होगा। इस स्टेशन पर उक्त एक्सप्रेस के ठहराव हेतु जिला पार्षद अरिवंद सिंह की अगुवाई में उंटारी प्रखंड के लोगों ने दो साल तक लंबी लड़ाई लड़ी थी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने उंटारी की जनता के भावनाओं को समझते हुए रेल मंत्री से बात कर रांची सासाराम इंटरसिटी एक्स्प्रेस का ठहराव उंटारी रोड स्टेशन पर सुनिश्चित कराया। जिसके बाद जिला पार्षद अरविंद सिंह की अगुवाई में उंटारी प्रखंड के दर्जनों लोगों ने सांसद के मेदिनीनगर आवास पर जाकर मुलाकात की ओर उनके प्रति आभार जताया। उन्होंने सांसद को इसके लिए बधाई भी दी। कहा कि सांसद वीडी राम ने जनभावनाओं को समझते हुए हमारी लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया। इसके लिए उंटारी प्रखंड की जनता हमेशा उनकी आभारी रहेगी। मौके पर मुखिया अशोक सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुशील ठाकुर, अगस्त तिवारी आदि मौजूद थे।

### निगम के जनप्रतिनिधियों ने किए हैं ऐतिहासिक कार्य : सांसद बीडी राम

# विकास के लिए किसी पद की आवश्यकता नहीं: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गांधी उद्यान में प्रथम महापौर अरुणा शंकर की ओर से आयोजित आभार कार्यक्रम में शहर से काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी उद्यान में लगे अति आकर्षक गांधी जी की प्रतिमा में पलामू सांसद वीडी राम, एसपी चंदन कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त रवि आनंद, वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सामूहिक रूप से माला अर्पण कर किया। बच्चों के लिए समर्पित इस पार्क में टॉय ट्रेन, मल्टी प्ले स्टेशन, जिम, कॉकपिट, जिराफ झूला, स्केटिंग रिंग एवं कई आकर्षक झूले बच्चों को आकर्षित कर रहे है। पलामू सांसद ने कहा कि महापौर, उपमहापौर



महात्मागांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करती प्रथम महापौर, पलामू सांसद व अन्य।

एवं पार्षदों ने कम समय में शहर को सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित कर इतिहास रच दिया है। मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं। सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में लगे रहे। मिलकर और भी विकास करना है। वहीं, एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने महापौर अरुणा शंकर के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। कहा कि मैं सुबह जहां से जाता था शाम में लौटते वक्त वह जगह बदला-बदला सुंदर लगता था। उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी। नगर आयुक्त रवि आनंद, महापौर एवं सभी पार्षदों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह जोशीली टीम है. आगे भी इनके द्वारा बनाई गई योजना पर काम होगा। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने गांधी उद्यान एवं महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में निगम द्वारा किए गए ऐतिहासिक काम के लिए बधाई दी। कहा कि हमारी सरकार हर शहर को सजाने सवारने में बिना किसी भेदभाव के निगम को मदद करते रही है। उसी का नतीजा है कि आज हमारा शहर बड़े शहरों का मुकाबला कर रहा है। वहीं, महापौर अरुणा शंकर ने सभी का आभार व्यक्त करते पांच वर्षों तक सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि मैं पद पर रहूं ना रहूं, पर निगम का विकास रुकने नहीं दूंगी। विकास के लिए पद की आवश्यकता नहीं है। मेरे बहुत सारे सपने अधूरे हैं जिसमें शहरी जलापूर्ति योजना, शहर के सभी चौक चौराहों का सुंदरीकरण, सभी तालाबों का जीर्णोद्धार, अत्याधुनिक बस टर्मिनल, वेंडर जोन, मीट मछली मार्केट, सब्जी फल मार्केट, स्विमिंग पूल युक्त इनडोर स्टेडियम, मिनी फ्लाईओवर, कलाकारों के लिए अत्याधुनिक नगर भवन एवं कोयल नदी में मिनी बांध बांधकर शहर में पानी का लेयर ठीक करना प्रमुख है। अरुणा शंकर ने कहा कि इनमें से कई योजनाओं की शुरूआत एक माह के अंदर हो जाएगी, क्योंकि लगभग सभी योजनाओं की स्वीकृति सरकार से ले ली गई है। फंड भी उपलब्ध करा लिया गया है। मात्र नगर विकास के एनओसी बाकी है, जो दो-तीन दिनों में मिल सकती है। अंत में प्रथम महापौर ने अपने सभी पार्षदों एवं कर्मियों के साथ ग्रुप फोटो कराया और पांच वर्षों तक सकारात्मक सहयोग के लिए सब का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विजय ओझा ने किया। वहीं, शहर के मशहूर शायर कयुम रूमानी ने निगम वासियों की ओर से अपने शायराना अंदाज में महापौर को धन्यवाद दिया।

## दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक गंभीर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला दंगवार मुख्य पथ के बरवाडीह गांव के समीप रविवार को दो बाइक की आमने-सामने की हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान बिहार के धुंधुआ गांव निवासी सत्येंद्र चौधरी के रूप में हुई है। जबकि दूसरा बाइक चालक गंभीर रूप से घायल है। इसकी सूचना मिलते ही दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने सतेंद्र चौधरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के कृष्णा नगर निवासी सुजीत कुमार को प्राथमिकी उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे ले लिया। जानकारी के अनुसार सुजीत कुमार रेलवे कर्मचारी है। वह घर से ड्यूटी जा रहा था। वहीं सतेंद्र चौधरी अपने गांव से जपला की ओर जा रहा था। तभी दोनों की बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## महायज्ञ से क्षेत्र में धनात्मक ऊर्जा का होता है संचार : बबलू सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत बेलबिगहा पंचायत के सलीमा गांव में रविवार को श्रीश्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह अपने समर्थकों के साथ जल यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यज्ञ से प्रकृति और आस पास के परिवेश स्वच्छ, पवित्र, और शुद्ध हो जाते है। जिससे मनुष्य के अंदर की ऋणात्मक ऊर्जा समाप्त होकर धनात्मक ऊर्जा संचारित होती है। उधर, ग्रामीण परिवेश में पारंपरिक गाजे बाजे के साथ सुसज्जित कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष व युवा श्रद्धालु दंगवार सूर्य मंदिर में पूजन कर सोन नदी के तट पर पहुंचे। जहां आचार्य रंजन पाण्डे जी महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरी करायी गयी।

## पीएम के मन की बात कार्यक्रम हमेशा से ही होती है उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायी : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का 100वां एपिसोड कार्यक्रम को पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण जनता, पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों (लगभग 1100 लोगों) के साथ मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में उत्साह पूर्वक सुना गया। साथ ही पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला के 47 बूथों पर मन की बात का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम हमेशा ही उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायी होती है। आज के 100वें एपिसोड 'मन की बात' के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यह महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है। मन की बात कार्यक्रम जिन-जिन विषयों से जुड़ा वह जन-आंदोलन बन गया और उसे जन-आंदोलन आप लोगों ने बनाया है।



पीएम के मन की बात सुनते पलामू सांसद वीडी राम और अन्य।

## हुसैनाबाद में कई बूथों पर सुनी गयी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 100वें संस्करण को रविवार को विभिन्न जगहों पर सुना गया। कार्यक्रम को अधिक से अधिक लोग सुन सके, इसे लेकर भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, किसान मोर्चा उदयनाथ विश्वकर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार, अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, नगर मंत्री राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू जी, धीरज कुमार, प्रेमतोष सिंह, सचिन आनंद, अविनाश कुमार उर्फ बिट्टू कश्यप, अमित कश्यप, अजित सिंह, रामेश्वर राम, छोटू सिंह, सुबोध कश्यप, रणविजय सिंह, सुनील गुप्ता, रवि आदि सक्रिय रहे।

## चोरों ने समरसेबल पंप का केबल काटा, पानी के लिए मचा हाहाकार

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बोरागढ़ कोलियरी के समरसेबुल पंप का केबल विगत दिनों चोरों ने काट लिया है, जिससे क्षेत्र में पीटवाटर आपूर्ति ठप है। तीन दिन से पानी नहीं मिलने से इलाके में हाहाकार मचा हुआ है। बोरागढ़ कोलियरी अंरग्राउंड से समरसेबुल के सहारे टीना धौड़ा, प्योर बोरागढ़, बंगाली सेंटर, सुरेंद्र कालोनी, बोरागढ़ आठ नंबर बस्ती के लगभग 4000 की आबादी क्षेत्र में जलापूर्ति होती है। इस मामले में बोरागढ़ कोलियरी प्रबंधक बीपी साह का कहना है कि समरसेबुल को खदान के अंदर से निकाला जा रहा है। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि जलापूर्ति ठप केबल चोरी से हुई है या पंप खराब होने से। हालांकि समरसेबुल निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। वहीं, पानी के लिए लोग भटकने को मजबूर हैं। क्षेत्र में एक कुआं भी है। पर गर्मी के चलते वह भी सूख गया है। जिस कारण लोगों को बोरागढ़ के जोरिया के गंदा पानी में नहाना पड़ रहा है।

## तीन मई को रखी जाएगी राधा कृष्ण मंदिर की आधारशिल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** तीन मई को भवानी नगर (बारालोटा) में राधा कृष्ण मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। उक्त निर्णय बारालोटा भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी की बैठक में ली गयी। बारालोटा भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर के निमार्णाधीन स्थल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने किया। बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी को संरक्षक मनोनीत किया गया।






























## 30 हजार 163 लाभुकों के बीच 21 करोड़ 21 लाख 93 हजार 582 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण

# प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रति हित प्रहरी के रूप में कार्य करता है डालसा : न्यायाधीश नताशा बारला

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर सभी प्रखंडों में रविवार को एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव नताशा बारला ने बताया कि जिले के सभी 10 प्रखंडों में बीडीओ, सीओ और न्यायिक पदाधिकारी की ओर से विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से चलाई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रही आम जनता त्वरित न्याय कैसे प्राप्त करें इस पर लोगों को जागरूक किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रति हित प्रहरी के रूप में कार्य करती है। इस दिन विभिन्न ब्लॉकों में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अनुष्का जैन, प्रतिमा उरांव, पूनम कुमारी, एम जीया तारा, अभिषेक श्रीवास्तव, सुमंत दीक्षित, पी निगम, संतोषनी मुरमुर, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक एलएडीसीएस नीरज गोयल, सुमन पाठक, सीओ, बीडीओ, विभिन्न थानो के प्रभारियों के नेतृत्व में मौके पर ही 30 हजार 163 लाभुकों के बीच 21 करोड 21 लाख 93 हजार 582 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, लाभुकों को पीएम आवास योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड, श्रमिकों को मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम विभाग की तरफ से पैंट-शर्ट साड़ी वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, ब्लाइंड स्टिक, सावित्रीबाई फुले योजना, इंदिरा आवास, केसीसी लोन, जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चेक का वितरण किया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में डालसा टीम में शामिल अरुण कुमार, सौरभ सरकार, विधिक स्वयंसेवक राजेश सिंह, हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, श्रीलाल सोरेन, ओम प्रकाश दास, पंकज वर्मा, सौरभ जायसवाल, लक्ष्मी कुमारी, लक्ष्मी देवी, निमाई प्रमाणिक, शैलेंद्र दास, जय किशोर शर्मा, चंदन कुमार, अजीत दास, अबुल कलाम, उत्तम मंडल, प्राणनाथ, गीता कुमारी, पवन आदि का मातवपूर्ण योगदान रहा।






विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर में कानून-अधिकारियों की जानकारी देती न्यायाधीश नताशा बारला व अन्य। कार्यक्रम में शामिल हुए लोग।

## झारखंड आंदोलनकारी योगेंद्र महतो की धनबाद में मनायी गयी 11वीं पुण्यतिथि



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के मनईटांड में रविवार को झारखंड आंदोलनकारी स्व योगेंद्र महतो की 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनकी पत्नी एवं परिजनों के साथ मासस के केंद्रीय सचिव हरिप्रसाद पप्पू ने दिवंगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्य अतिथि हरिप्रसाद पप्पू ने कहा कि स्व योगेंद्र महतो समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे। जिन्होंने समाज के कमजोर वर्ग को हमेशा आगे बढ़ाया। जिस समय विनोद बाबू द्वारा शिवाजी समाज चलाया जा रहा था उस समय मनइटांड़ में स्व योगेंद्र शिवाजी समाज का नेतृत्व कर रहे थे। पूर्व सांसद कॉ एके राय एवं बिनोद बिहारी महतो के नेतृत्व में झारखंड आंदोलन में शिरकत करने वाले सच्चे सिपाही थे। झारखंड आंदोलन के दौरान उन्होंने जेल यात्रा भी किया। वहीं वर्तमान परिस्थिति में बात करते हुए कहा कि आज देश में मोदी सरकार कॉर्पोरेट घरानों को आगे बढ़ाने में ही व्यस्त है। देश की सरकारी संपत्तियों को धीरे-धीरे गैरसरकारी करण किया जा रहा है। जब से केंद्र में भाजपा की शासन बनी है सबसे ज्यादा गरीबों के ऊपर अत्याचार बढ़े है। अब समय आ गया है ऐसे जन विरोधी सत्ताधारी सरकार को उखाड़ फेंकने की। इस मौके पर स्व योगेंद्र महतो की धर्मपत्नी दासीया देवी, झामुमो वरिष्ठ नेता बलराम महतो, मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, पूर्व पार्षद मदन महतो, किरण महतो, सुभाष महतो, सृष्टि महतो, महादेव महतो, कमल महतो, राहुल महतो और रोहित महतो आदि लोग शामिल थे।

## सिंफर में वैज्ञानिकों ने सुना प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां संस्करण



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (सीएसआइआर के अध्यक्ष) के मन की बात की 100वीं कड़ी के राष्ट्रव्यापी उत्सव का कार्यक्रम रविवार की सुबह 11 बजे धनबाद के बरवा रोड स्थित सीएसआईआर-सीआईएमएफआर में मनाया गया। सिंफर सभागार में 100 से अधिक वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट देखा। लगभग 100 युवा नवोदित वैज्ञानिक और परियोजना सहायक और पीएचडी छात्र प्रधानमंत्री मन की बात के लाइव प्रसारण में शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक सीआईएमएफआर प्रो अरविंद के मिश्रा ने युवा वैज्ञानिकों और समूहों के प्रमुखों से बातचीत की। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे अपने शोध को इस तरह उन्मुख करें कि समाज को इसका सीधा लाभ मिल सके। इस अवसर पर सीआईएमएफआर बरवा रोड और दिगवाडीह के वैज्ञानिक भी उपस्थित थे।

## धनबाद भाजपा के नेताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को उत्सव के रूप में मनाया

### दर्जनों स्थानों पर आयोजित हुआ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण






आजाद सिपाही टीम

**धनबाद/झरिया।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को धनबाद भाजपा ने रविवार को उत्सव के रूप में मनाया। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रम को लेकर भाजपाईयों में उत्साह का माहौल रहा। भाजपा नेताओं द्वारा जिलें के दर्जनों स्थानों पर भव्य तरीके से कार्यक्रम के लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। भाजपा जिला महानगर शहरी व ग्रामीण द्वारा धनबाद, झरिया, निरसा, सिंदरी, बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा ने अपने आवासीय कार्यालय में बूथ संख्या 283, 284, 285, 286 के भाजपा कार्यकर्ताओं मजदूरों एवं सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को देखा। वहीं, 109 विभिन्न स्थानों पर हजारों श्रोताओं ने मन की बात कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा।

### कतरास मोड़ पर भाजपाइयों ने देखा लाइव प्रसारण

झरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को लेकर कई स्थानों पर लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय को फूल व गुब्बारों से सजाया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह द्वारा स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल व शर्बत की भी व्यवस्था की गई थी। सैकड़ों लोगों ने कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के100वें संस्करण को ध्यानपूर्वक सुना। मौके पर सुमन अग्रवाल, मयूरी ओझा, पिंकू चौबे, रंजीत रवानी, टुन्ना सिंह, संतोष शर्मा, अमर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, शुभम गुप्ता, अशोक बरनवाल, दिलीप भारती, राजेश केशरी, कारू साव, राजेश प्रसाद, शंभू सिंह, संजय महतो, मनोज गोप आदि मौजूद रहे।

### चिरकुंडा नगर भवन में लोगों ने सुनी मन की बात

भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह की ओर से चिरकुंडा नगर भवन में प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने मन की बात को सुना। इस मौके पर उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह और जयप्रकाश सिंह ने अहम भूमिका निभाते हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। दूसरी ओर, बरटांड मंडल के वॉर्ड नंबर 21 के लाहबनी धैया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड सुना गया। कार्यक्रम लाहबनी धैया के प्रभारी बृजनंदन शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा बरटांड मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता जगबंधू नाथ मंडल ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। मौके पर बरटांड़ मंडल ओबीसी मोर्चा के महामंत्री रणजीत चंद्रवंशी, वरिष्ठ कार्यकर्ता उत्तम मंडल, राजकुमार दास, मनोज गिरी, शंकर बाउरी, विकाश कुमार, संजय गोप, नाथू पासवान, निवास कुमार बर्नवाल, जेपी साहनी, हराधन सेन आदि उपस्थित थे।

### सिंदरी में लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात

सिंदरी के विभिन्न इलाकों में भाजपा नेताओं सहित सिंदरवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100 वां संस्करण बड़े प्रोजेक्टर और घरों में टीवी पर देखा और सुना। शहरपुरा स्थित भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ कार्यालय में वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने मन की बात सुनी। वरिष्ठ नेता दीपक कुमार दीपू के नेतृत्व में शहरपुरा विश्वकर्मा मंदिर में प्रोजेक्टर पर सिंदरीवासियों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक के साथ मंडल अध्यक्षों ने रोहड़ाबांध स्थित कार्यालय में मन की बात को ध्यानपूर्वक सुना।

## समाज व कौम की तरक्की के लिए आपसी प्रेम जरूरी : मौलाना आबिद



### केंदुआ में ईद मिलन समारोह का आयोजन, दिखी कौमी एकता की मिशाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को केंदुआ में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कौमी एकता की मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में 34 कमेटियों के अध्यक्ष व सचिव ने शिरकत कर सभी को गले लगाया और एक दूसरे को ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के आयोजक कोलकाता से आए केजीएन फाउंडेशन के अध्यक्ष हाजी गुलाम ख्वाजा ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं सचिव मौलाना आबिद रजा फैजी ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि भारत विभिन्नताओं में एकता का देश है। किसी भी मुल्क, समाज व कौम की तरक्की के लिए लोगों में आपसी प्रेम व सद्भावना जरूरी है। नौजवान एकता फाउंडेशन के सचिव शाहनवाज खान ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सभी धर्म के लोग एक साथ मिलजुल कर सभी त्योहार मनाते हैं, ताकि हमारी एकजुटता और भाईचारा बनी रहे। वहीं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी जमीर आरिफ ने फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह फाउंडेशन विगत 5 वर्षों से राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ कर सेवा, संस्कार, सद्भाव और समरसता के कार्यक्रम का आयोजन करती है जो काबिल ए तारीफ है। अंत में अंजुमन फैजुल इस्लाम केंदुआ नंबर 4 के सदर मोहम्मद कलाम ने आए हुए सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा कर कार्यक्रम का समापन किया। ईद मिलन समारोह को सफल बनाने में फाउंडेशन के सभी सदस्य विशेषकर मोहम्मद जमील,मंजर अंसारी,गुलाम अहमद रजा,समाजसेवी मुनव्वर अंसारी, मोहम्मद कलामुद्दीन, शमशाद आलम, मास्टर मुमताज, जावेद, मिस्टर अंसारी, मोहम्मद वकार, सनाउल, मोहम्मद निजाम, अब्दुल कद्दूस, बदरुद्दीन और साहिर खान आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर नृत्यांगन का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर धनबाद के न्यू टाउन हॉल में शनिवार को प्रख्यात डांस प्रशिक्षिका तनुश्री राय द्वारा सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम नृत्यांगन की शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरूआत कर्नल जेके सिंह, नितिका सिंह, नृत्यांगन की निर्देशिका तनुश्री राय, समाजसेवी अनीता अग्रवाल, प्रख्यात आर्टिस्ट शिव शंकर धर की ओर से संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में नृत्यांगन संस्था के 45 नृत्य विद्यार्थियों ने तनुश्री राय के निर्देशन में एक से बढ़कर एक भारतीय प्रांतों की एकल एवं ग्रुप सांस्कृतिक नृत्य पेश कर दर्शकों की तारीफ बटोरी। इस दौरान भरतनाट्यम की प्रस्तुति ने सबका मन और दिल जीता। साथ ही नृत्य ड्रामा 'झांसी की रानी' की उत्कृष्ट प्रस्तुति ने दर्शकों के दिल में देशभक्ति की भावना जगा दी। कर्नल जेके सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रस्तुति से धनबाद के बच्चे एक दिन कोयलांचल का नाम रोशन करेंगे।

## मार्क्सवादी नारी मोर्चा धनबाद महानगर कमेटी का सम्मेलन संपन्न

# नारी शक्ति समाज का अभिन्न ही नहीं, श्रेष्ठ अंग है : आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी नारी मोर्चा की महानगर कमेटी का सम्मेलन पुराना बाजार टेंपल रोड स्थित धनबाद केंद्रीय कार्यालय में रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मासस के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कॉ आनंद महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति समाज का अभिन्न अंग ही नहीं, बल्कि एक श्रेष्ठ अंग है। नारी के गर्भ में भविष्य छिपा है। भले ही आज सरकार नारी सशक्तिकरण के नाम पर बहुत से योजना चला रही है, लेकिन धरातल पर आज नारी ही सबसे ज्यादा उत्पीड़न की शिकार हो रही है। इसलिए जरूरत है नारी शक्ति को एक होकर समाज के तमाम शोषण उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने की। मासस के केंद्रीय सचिव कॉ हरि प्रसाद पप्पू ने महिलाओं को स्वनिर्भरता के रास्ते पर चलकर सभी भेदभाव को समाप्त करने के लिए एक जूटता का संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं, मासस के जिलाध्यक्ष कॉ बिंदा पासवान एवं महानगर अध्यक्ष कॉ रूस्तम अंसारी ने भी कहा कि आज महिलाओं के साथ समाज में अनेक प्रकार के भेदभाव हो रहे है। इनके उत्थान की बात करने वाले सिर्फ झूठा वादा करके वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहे है। मार्क्सवादी नारी मोर्चा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कॉ शुक्ला दास ने कहा कि बड़ी-बड़ी बातें करने वाले लोगों ने आधी आबादी को सिर्फ वोट बैंक के लिए ही इस्तेमाल किया है। समाज में आज नारी हर प्रकार की हिंसा की शिकार हो रही है। जिसके खिलाफ मार्क्सवादी नारी मोर्चा आवाज उठायेगी। सम्मेलन में सर्वसम्मति से मार्क्सवादी नारी मोर्चा महानगर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें महानगर अध्यक्ष शुक्ला दास, सचिव ललिता देवी, उपाध्यक्ष रेखा देवी, संगठन सचिव सविता देवी एवं बिमला देवी को बनाया गया। इसमें कोऑडिनेटर कॉ पार्वती चक्रवर्ती एवं बिजली देवी को बनाया गया है। इस मौके पर कॉ सुभाष सिंह, सुभाष चटर्जी, विजय कुमार पासवान, राणा चट्टराज, राकेश सिंह, राजेश बिरूवा, उषा देवी, मंगली देवी, पूनम देवी, चमेली देवी, लालमती देवी, शुलोचना देवी, पारो देवी, मालती देवी, सुरीया देवी, मुन्नी देवी, शोमरा परवीन, लीला देवी, पुतूल देवी, शांति देवी, समोला देवी, भादो देवी, सरीता देवी, कल्याणी देवी, अनिता देवी, सीता देवी, बुटन सिंह, विश्वजीत राय, नरेश पासवान, जगदीश साव, हिमांशु मंडल आदि उपस्थित थे।




मार्क्सवादी नारी मोर्चा धनबाद महानगर कमेटी के सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारी।

## बिजली आ गयी, अब जलापूर्ति की बारी है : पूर्णिमा सिंह



**धनसार (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा परियोजना से सटे राइज एरिया कालोनी में बीसीसीएल ने आठ साल पूर्व बिजली काट दिया था। हालांकि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रयास से वर्षों बाद 125 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका रविवार को पूर्णिमा सिंह ने नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। इसके बाद इस कालोनी में एक अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें झरिया विधायक ने आरोप लगाया कि बीसीसीएल अधिकारियों ने विश्वकर्मा परियोजना के विस्तारीकरण के बहाने इस बस्ती का 2015 में बिजली काट दिया था। लेकिन मेरे पति नीरज सिंह ने यहां बिजली जोड़ने का काफी प्रयास किया। पर उनकी हत्या कर दिए जाने के बाद यहां बिजली नहीं मिल सकी। इसके बाद मैनें ठान लिया था कि किसी भी कीमत पर यहां के लोगों को बिजली दिलाऊंगी। अब अथक प्रयास के बाद बीसीसीएल का ही एक ट्रांसफार्मर लगा, यहां बिजली बहाल कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस बस्ती में पानी आपूर्ति कराने के लिए सर्वे किया गया है। जल्द ही यहां पानी की भी व्यवस्था कर दी जाएगी। इस मौके पर बबलू सिंह, आरके पाठक, शोभादेवी, ललिता देवी, महेंद्र भुईयां, अक्षय, पारस यादव, सोहराब, देव चौहान, निरंजन व रविंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

## बांसजोड़ा कांटा घर के समीप सीएनजी गैस वाहन अनियंत्रित होकर पलटा,चालक घायल



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बांसजोडा कांटा घर के समीप रविवार की सुबह तेज रफ्तार सीएनजी गैस वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें वाहन चालक बुरी तरह घायल हो गया। उसकी पहचान बिहारी ठाकुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक गैस वाहन पलटते ही उसमें से गैस का रिसाव शुरू हो गया था। घटनास्थल से कुछ दूरी पर अग्नि प्रभावित क्षेत्र भी है। जहां गैस और आग निकलते रहता है। गनीमत रही कि वाहन में आग नहीं लगी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। उधर, मौके पर पहुंचे एएसआई प्रताप उरांव ने किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो इस कारण दोनों तरफ से आने-जाने वाले वाहनों को कुछ समय के लिए रोक दिया। इसके बाद अग्निशमन विभाग को बुला लिया। करीब दो घंटे तक उक्त मार्ग में वाहनों का आवागमन बंद रहा। बाद में सूचना पाकर सीएनजी कंपनी के तकनीशियन घटनास्थल पर पहुंचे और गैस रिसाव को बंद किया। इसके बाद दो क्रेन की मदद से वाहन को खड़ा किया। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक काफी तेज रफ्तार से नया मोड़ से धनबाद की ओर जा रहा था कि पंजाबी मोड़ के समीप टर्निंग में उसका संतुलन बिगड़ गया और पलटी मार गया। हालांकि चालक का कहना है कि स्टैरिंग लॉक हो जाने के कारण उक्त घटना घटी। चालक दुगार्पुर से सीएनजी लोड लेकर मटकुरिया जा रहा था।

### जी20 भारत के तीसरे शिक्षा कार्य समूह की बैठक भुवनेश्वर में हुई

# स्किलिंग, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग को लेकर सीखनेवालों की बेहतरी करने पर प्रतिबद्धता जतायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** जी20 भारत के तीसरे शिक्षा कार्य समूह की बैठक शुक्रवार भुवनेश्वर में स्किलिंग, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग को लेकर सीखने वाले की बेहतरी सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुई। 26 से 28 अप्रैल 2023 तक आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठी और बैठक में प्राथमिकता क्षेत्र 3- 'कार्य के भविष्य के संदर्भ में आजीवन सीखने के लिए क्षमता निर्माण' पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस बैठक में उच्च शिक्षा सचिव के संजय मूर्ति, सचिव स्कूल शिक्षा और साक्षरता संजय कुमार, सचिव कौशल, विकास और उद्यमशीलता अतुल कुमार तिवारी और मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। 27 देशों के 60 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें जी20 सदस्य, आमंत्रित लोग, संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ), संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओइसीडी) समेत अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सहयोग से कार्य के भविष्य विषय पर संगोष्ठी के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह पैनल चर्चा तीन सत्रों में बंटी थी। पैनल के विषय थे- 'कार्य के भविष्य के संदर्भ में श्रम बाजार और संस्थागत क्षमता निर्माण की जरूरत के लिए त्वरित प्रतिक्रियाः उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा', 'उच्च और व्यावसायिक शिक्षा के बीच संपर्क बनाना' और 'आजीवन सीखने का रास्ता दिखाने के लिए बच्चों को भविष्य में काम आने वाले कौशल से सुसज्जित करना'। प्रतिनिधियों ने व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में अपनी नीतियों और पहलों को साझा किया। उन्होंने तेजी से बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपस्किल और री-स्किल के महत्व और लगातार जरूरत को भी स्वीकार किया। उन्होंने उन चुनौतियों पर भी बात की, जो कार्य के भविष्य को लेकर उनके देश सामना कर रहे हैं।

तीसरी इडीडब्ल्यूजी बैठक और संगोष्ठी से इतर, इसी विषय पर एक मल्टीमीडिया प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी। प्रदर्शनी के प्रमुख प्रतिभागियों में एनसीइआरटी, एमइआइटीवाइ, आइकेएस (इंडियन नॉलेज सिस्टम), ट्राइफेड, सिंगापुर, यूनिसेफ, मेटा, आइआइटी भुवनेश्वर, आइआइएम संबलपुर, एनआइटी राउरकेला, सीएसआइआर-आइएमएमटी, अरोविले फाउंडेशन और उद्योग, शिक्षा एवं सरकारी एजेंसियों, बहुपक्षीय एजेंसियों, स्टार्टअप्स आदि के साथ-साथ कार्य के भविष्य पर अनुभवी एवं बड़े प्रौद्योगिकी डिस्प्ले शामिल थे। यह प्रदर्शनी 23 से 25 और 27 से 28 अप्रैल तक स्थानीय संस्थानों, विद्यार्थियों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए खुली थी।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार के उद्घाटन भाषण के साथ कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत हुई। 21वीं सदी में सफल होने के लिए लोग ज्ञान, क्षमता, कौशल और दृष्टिकोण से लैस हों, यह सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने शिक्षा और कौशल विकास में निवेश के महत्व की बात की। इस दौरान जून में होने वाली शिक्षा मंत्रियों की बैठक की तैयारी को लेकर परिणाम दस्तावेजों पर जी20 सदस्यों और आमंत्रित देशों ने मंथन किया, जो अंतिम दिन भी जारी रहा। एक छोटे भ्रमण के साथ बैठक संपन्न हुई। प्रतिनिधियों को कोणार्क सूर्य मंदिर ले जाया गया, उसके बाद पुरी में सांस्कृतिक प्रस्तुति दिखायी गयी। भुवनेश्वर यात्रा के प्रतीक के रूप में प्रतिनिधियों को पट्टचित्र पेंटिंग भेंट की गयी।

तीसरी इडीडब्ल्यूजी बैठक जी20 के बारे में जागरूकता बढ़ाने में सफल रही है। उत्कल दिवस से लेकर 22 अप्रैल तक कई जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किये गये। राज्यभर में कई मॉक जी20 का आयोजन हुआ, जिसमें 590 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। 1,235 जन भागीदारी कार्यक्रमों में एक लाख से ज्यादा नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस तरह से भारत की जी20 प्रेसीडेंसी सच मायने में पीपुल्स प्रेसीडेंसी बन गयी है।

## सोआ के कुलपति प्रो डीपी रे का निधन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (सोआ) के कुलपति और कृषि बिशेसज्ञ प्रोफेसर डीपी रे का शनिवार सुबह निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार थे। प्रोफेसर रॉय अपनी मृत्यु के समय 73 वर्ष के थे। तबियत खराप के कारण ओ चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। प्रो राय जिन्होंने ओडिशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) के कुलाधिपति के रूप में काम किए थे उनका सोआ के साथ एक लंबा जुड़ाव था। उन्होंने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्य निभाते आ रहे थे। 1 मार्च, 2022 को उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में कार्यभार संभाला। जैसे ही उनके निधन की खबर आयी, प्रोफेसर नायक आईएमएस एंड सम अस्पताल में उन्हें अंतिम दर्शन देने और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रोफेसर नायक ने अपने शोक संदेश में कहा कि वह एक महान आत्मा थे और उन्होंने सोआ की उन्नति में बहुत योगदान दिया। प्रोफेसर रे का अंतिम संस्कार पुरी में किया गया है।

## सातभाया बगपाटिया सेटलमेंट कॉलोनी होगी आदर्श कॉलोनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** सातभाया बगपाटिया सेटलमेंट कॉलोनी आदर्श कॉलोनी होगा। 5टी सचिव वीके पांडियन के दौरे के चौबीस घंटे के भीतर 22 करोड़ रुपये मंजूर किये गये। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निर्देश पर 5टी सचिव पांडियन ने विगत 27 एवं 28 को दो दिन केंद्रापड़ा का दौरा किये। दौरा के दूसरे दिन 28 तारीख को उन्होंने सातभाया बगपटिया क्षेत्र का दौरा किये। इस दौरान श्री पांडियन विस्थापितों से मिले उन्होंने लोगों की समस्याओं को समझा। सरकार ने योजना के बारे में लोगों से चर्चा की और उनकी राय पूछी और समझा। बाद में वे भुवनेश्वर लौट आये और मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक को स्थानीय लोगों की जरूरतों से अवगत कराये। इस प्रकार बांधों एवं बाड़ों के सुधार के साथ-साथ हितग्राहियों के आवास, आजीविका कार्यक्रम, सड़कें, पेयजल, बिजली एवं पंचायत आवासों का विकास किया जायेगा। इसके साथ ही लोगों की जरूरत के हिसाब से कृषि भूमि उपलब्ध करायी जायेगी।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को भित्तिभूमि में सुधार करने और प्रसिद्ध पंचुबराही पीठ का सौंदर्यीकरण करने तथा आलोकी कारण और साउंड व्यवस्था प्रदान कर प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने इन सभी कार्यों को 5टी पहल के साथ तुरंत हाथ में लेकर निश्चित समय सीमा में पूरा करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से प्रभावित लोगों को बगपाटिया में बसाया जा रहा है, क्योंकि सातभाया क्षेत्र समुद्र में डूबा हुआ है। जलवायु परिवर्तन से प्रभावित लोगों को फिर से बसाने वाली यह देश की पहली कॉलोनी होगा।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों ने सुनी पीएम की मन की बात



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार विधानसभा के गिरिडीह पंचायत अंतर्गत भूधरणी अवस्थित बूथ नंबर 242 में भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह की अगुवाई में रविवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण का श्रावण किया। इस क्रम में श्री सिंह ने लोगों को पीएम के जन कल्याणकारी सोंच और इस हेतु धरातल पर उतारी गयी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर देश का मान बढ़ा है। यह सब आप सब के समर्थन, साथ और सह्ययोग से संभव हो पाया है। इसी तरह आगे भी आपका साथ रहा, तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नही रोक सकता। भाजपाइयों ने ऐसा ही कार्यक्रम का आयोजन धनवार दीदी किचन परिसर धनवार में कर पीएम के मन की बात सुनी। कार्यक्रम में उदय सिंह, श्याम सिंह, थानेश्वर सिंह, किशोर सिंह, उमेश सिंह, चंद्रदेव सिंह, राजेश सिंह, पवित्र सिंह, गोवर्धन सिंह, चंद्रदेव सिंह, प्रकाश कुमार सिंह, अजय सिंह, गोवर्धन सिंह आदि उपस्थित थे।

## एलन मस्क ने किया बड़ा एलान, ट्विटर पर अब न्यूज पढ़ने के लिए देने पड़ेंगे पैसे

**नयी दिल्ली।** ट्विटर के सीइओ एलन मस्क ने घोषणा की है कि अब ट्विटर पर यदि कोई यूजर आर्टिकल पढ़ना चाहता है, तो इसके एवज में संबंधित मीडिया संस्थान उससे शुल्क की वसूली कर सकेंगे। एलन ने कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए बेहतर कदम होगा। ट्विटर अब मीडिया प्रकाशकों को अगले महीने से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लेख पढ़ने के लिए यूजर्स से शुल्क लेने की अनुमति देगा। एलन मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट पर खबर की घोषणा करते हुए कहा कि नयी नीति अगले महीने से लागू होगी।

## ओड़िशा के किट इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा प्रियंका ने जेइइ-मेन में किया टॉप



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** किट इंटरनेशनल स्कूल (किट-आइएस) की प्रियंका सर ने जेइइ मेन परीक्षा में ओडिशा की टॉपर बनकर अपनी मातृ संस्था को गौरवान्वित किया है, जिसके परिणाम आज घोषित किये गये। प्रियंका ने 99.985 प्रतिशत अंक हासिल किए, जो ओड़िशा में जेइइ-मेन के उम्मीदवार द्वारा हासिल किया गया सबसे अधिक है। प्रियंका के अलावा स्कूल के 17 से अधिक छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण की है। यह दूसरी बार है जब किट-आईएस के छात्र ने जेइइ मेन में लगातार टॉप किया है। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने टॉपर को बधाई देते हुए कहा कि यह वास्तव में हम सभी के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि प्रियंका न केवल हमारे स्कूल का उत्पाद है, बल्कि उन्होंने अपने बेमिसाल प्रदर्शन से राज्य को भी गौरवान्वित किया है।

## लुधियाना के ग्यासपुरा क्षेत्र में गैस रिसाव होने से 11 लोगों की हुई मौत



**पंजाब।** लुधियाना के ग्यासपुरा क्षेत्र में गैस रिसाव होने से 11 लोगों की मौत हो गयी। ग्यासपुरा के गोयल किराना स्टोर में दूध, दही, आइसक्रीम, कोल्डड्रिंक और किराना का सामान बेचा जाता है। इसी के चलते दुकान में चार डीप फ्रीजर भी रखे हुए थे। आशंका है कि इन्हीं डीप फ्रीजर से निकली गैस 11 लोगों की मौत बन गयी। हालांकि ये भी कहा जा रहा है कि सीवर में किसी ने गैस डिस्पोज की जिसके बाद कुछ रासायनिक प्रतिक्रिया हुई और लोगों की जान चली गई। मरने वालों में पांच महिलाए, छह पुरुष और 10 व 13 साल के दो बच्चे शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गयी।






































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**